हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 16.07.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 353 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

# झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सियासत ने पकड़ा जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संताल में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर लगातार राजनीति भी गरम होती जा रही है। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच भी अलर्ट जारी कर चुका है। इस बीच तीन जुलाई को झारखंड हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह कार्य योजना तैयार कर संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर ब्रेक लगाए।

झारखंड के संताल परगना प्रमंडल के रास्ते बांग्लादेशी घुसपैठ लगभग एक दशक से होता आ रहा है। अब यह समस्या जटिल रूप ले चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ महज एक संयोग है या एक गहरी साजिश। झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, राजमहल, गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों का अलग-अलग माध्यम से आने की सूचनाओं मिलते रहती है।

### लगातार जनसंख्या में हो रहा है बदलाव

साल 2001 की जनगणना में दुमका की जनसंख्या 11 लाख 7 हजार के करीब थी। वहीं, वर्ष 2011 में दुमका की जनसंख्या बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि संताल के सभी 6 जिलों में 12 लाख से ज्यादा नई आबादी बस गई है।

### पाकुड़ में सबसे अधिक बढ़ी मुस्लिम आबादी

संताल में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी पाकुड़ में बढ़ी है। पाकुड़ में मुस्लिम आबादी में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, साहिबगंज में मुस्लिम आबादी में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है बांग्लादेशी घुसपैठ को माना जा रहा है। संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने में वहां के जमीन दलालों की सबसे बड़ी भूमिका है। गिफ्ट डीड के जरिए जमीन दलाल बांग्लादेशियों को बसा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड गठन के बाद संताल परगना में जमाबंदी की गई जमीन खरीदने वालों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से इजाफा हुआ है।

### नकली बर्थ सर्टिफिकेट पर रह रहे बांग्लादेशी

13 दिसंबर, 2023 को भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने एक दस्तावेज जारी किया था, जिसमें यह बताया गया था कि 120 से ज्यादा नकली वेबसाइट के जरिए नकली बर्थ



सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं। पत्र के जरिए झारखंड को लेकर विशेष रूप से आगाह किया गया था। दो जून, 2023 को झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान और डीसी को एक पत्र लिखा था। स्पेशल ब्रांच ने लिखा था कि झारखंड राज्य अंतर्गत संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है।

स्पेशल ब्रांच को मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहले विभिन्न मदरसों में ठहराया जाता है। इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और फिर उनका नाम मतदान मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद साजिश के तहत उन्हें वहां बसा दिया जाता है। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद राज्य सरकार को यह निर्देश दिया गया है कि संताल परगना क्षेत्र के सभी डीसी को यह निर्देश दें कि आपसी सामंजस्य से बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजने के लिए एक कार्य योजना तैयार कर उस पर काम करें। इस मामले में हाईकोर्ट में राज्य सरकार से शपथ पत्र के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर एक स्टेटस रिपोर्ट भी दायर करने को कहा है।

### राज्य सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा बांग्लादेशी घुसपैठ : सीपी सिंह

इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रांची विधायक सीपी सिंह ने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं न कहीं राज्य सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जब बांग्लादेशी संताल परगना में आते हैं तो उनका आसानी से आधार कार्ड और वोटर कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन जाते हैं। इसके बाद धीरे-धीरे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में जमीन हथियाने में लग जाते हैं।

उन्होंने बाबूलाल के डेमोग्राफी बदलने वाले बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यह सच है कि संथाल में आदिवासियों की संख्या घटी है। क्योंकि, उनकी (बांग्लादेशी घुसपैठिए) विस्तारवादी नीति होती है। वो जहां रहेंगे, वहां किसी को रहने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार को फायदा है। उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिए और रोहिंग्या वालों का एकमुश्त वोट मिल जाता है।

### भाजपा हार के डर से हताश और निराश : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने सवालिया लहजे में कहा कि बाबूलाल मरांडी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे। उस वक्त उन्हें क्यों नहीं पता चला कि संताल की डेमोग्राफी बदल रही है। बाबूलाल संथाल से सांसद का चुनाव जीते और केंद्र में मंत्री रहे तब उन्हें क्यों नहीं पता चला कि संथाल का डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल ने कौन सा जनगणना कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी को मुद्दा बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि सही में संताल में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है और बाबूलाल मामले में संजिदा हैं तो देश के गृहमंत्री से इस्तीफा मांगे। क्योंकि, उनसे गृह और बॉर्डर नहीं संभल रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को इसका जबाव देगी।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नये प्रधानमंत्री ओली को दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केपी शर्मा ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर कहा है नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर बधाई। हम दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को कल नई गठबंधन सरकार का चौथी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। 72 वर्षीय ओली ने पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की जगह ली है। सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के अध्यक्ष प्रचंड शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। ओली इससे पहले तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

### राजीव कुमार फिर बने पश्चिम बंगाल के डीजीपी

**कोलकाता :** आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को एक बार फिर पश्चिम बंगाल का डीजीपी नियुक्त किया गया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले राजीव कुमार का ट्रांसफर कर दिया था। बता दें कि बीजेपी ने राजीवा कुमार पर ममता सरकार के लिए काम करने का आरोप लगा था। संदेशखालि की घटना के बाद डीजीपी राजीव कुमार पर विपक्षी नेताओं ने सवाल खड़े किए थे और चुनाव आयोग से उन्हें डीजीपी पद से हटाने की मांग की थी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के करीब डेढ़ महीने बाद एक बार फिर राजीव कुमार को फिर से पश्चिम बंगाल का डीजीपी नियुक्त किया गया है। बंगाल सरकार ने ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को 31 दिसंबर, 2023 को पश्चिम बंगाल पुलिस का डीजीपी नियुक्त किया था। वे इस साल मार्च तक कार्यरत थे लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने उन्हें गैर-इलेक्ट्रोटल पद पर ट्रांसफर कर दिया था। चुनाव के बाद, उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार ने डीजीपी के पद पर बहाल कर दिया है।

डीजीपी ने मुहर्रम पर विधि-व्यवस्था के मद्देनजर की बैठक, कहा-

# पूर्व में जहां सांप्रदायिक घटनाएं हुईं उन जिलों में बरतें विशेष सतर्कता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में मोहर्रम पर राज्य में विधि-व्यवस्था के मद्देनजर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में डीजीपी ने मोहर्रम पर राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की। वैसे जिलों में जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटित हुई हैं, उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया गया है, ताकि आसामाजिक तत्व अफवाह ना फैला सकें। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें आयोजित कर कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन एवं अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें, ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के वैसे चिन्हित स्थानों जहां साम्प्रदायिक घटना घटित हुई हो वहां अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी जिलों में पूर्व से लंबित काण्डों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील इलाकों में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी एवं ड्रोन से निगरानी रखने पर जोर दिया। डीजीपी ने मोहर्रम जुलूस पूर्व से तय रूट पर ही निकालने का दिशा-निर्देश दिया। रूट में पड़ने वाले धार्मिक स्थल, चौक-चौराहा पर सतत निगरानी रखने का दिशा-निर्देश और जुलूस रूट का आपसी समन्वय से भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया।


### मुहर्रम का जबरन चंदा वसूलने और मारपीट मामले में दो गिरफ्तार



**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने मोहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर कुछ युवकों के जरिये दुकानदार के साथ मारपीट और बदसलूकी किये जाने के मामले में सोमवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर दुकानदार रिंकु दास ने थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में आशिफ और इकबाल को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दास म्यूजिक नाम की दुकान में मोहर्रम के नाम पर चंदा लेने के लिए पहुंचे कुछ युवकों ने दुकानदार से मारपीट की। इस घटना से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे। इसे लेकर पुलिस से भी शिकायत की गयी है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और कांड में संलिप्त दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। दूसरी ओर, इस घटना को लेकर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि रांची में मुहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर असामाजिक तत्वों द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट और बदसलूकी की जा रही है। ऐसी घटनाओं से पूरे शहर का शांति-सौहार्द बिगड़ सकता है। रांची का मेन रोड अति संवेदनशील क्षेत्र है। पूर्व में भी ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा शहर को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया जा चुका है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की मुलाकात





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद राष्ट्रपति से हेमंत सोरेन की यह पहली मुलाकात है। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर राष्ट्रपति के साथ फोटो शेयर की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री से हेमंत सोरेन की यह पहली मुलाकात है। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर प्रधानमंत्री के साथ फोटो शेयर की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात हुई। हेमंत सोरेन फिलहाल दिल्ली दौरे पर हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे पहले रविवार को बनारस में थे। यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में उन्होंने पत्नी कल्पना संग पूजा-अर्चना की थी। इससे पूर्व हेमंत सोरेन ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने कहा था कि जेल से बाहर आने के बाद मेरी सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। इसलिए मैं उनसे मिलने आया था।

### मांडर में खुला रांची का पहला ग्राम न्यायालय

**रांची :** रांची के मांडर में जिले का पहला ग्राम न्यायालय खोला गया है। मांडर में न्यायालय का उद्घाटन चीफ जस्टिस डॉ बिद्युत रंजन षाड़ेगी ने किया। मौके पर झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि आम नागरिकों तक न्याय व्यवस्था की पहुंच को बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को देश के न्यायिक तंत्र से जोड़ने के लिए ग्राम न्यायालय की स्थापना की गयी है। इस व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को स्थानीय स्तर पर संवैधानिक प्रक्रिया के तहत न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने उदघाटन के दिन ही ग्राम न्यायालय में मध्यस्थता के माध्यम से दो दंपत्ती के बीच के विवाद के निष्पादन पर खुशी जाहिर की। उन्हें सम्मानित भी किया। ग्राम न्यायालय के उदघाटन के बाद चीफ जस्टिस ने ग्राम न्यायालय के कोर्ट रूम, मध्यस्थता कक्ष, अभिलेख कक्ष व नजारत का भी अवलोकन किया। मौके पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि जनता को सुलभ न्याय दिलाने के लिए ग्राम न्यायालय की स्थापना की गयी है। जिस उद्देश्य के साथ इस न्यायालय का उद्घाटन किया गया है, उसे पूरा करने में आम जनता के साथ वकील भी सहयोग करें। समारोह में न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने कहा कि मांडर के 19 पंचायतों के ग्रामीणों के छोटे-छोटे मुकदमों के निष्पादन के लिए यह ग्राम न्यायालय मील का पत्थर साबित होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर हाई कोर्ट में लंबित याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित कीं, सुनवाई 18 को

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी।

पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया।

पीठ ने कहा, हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे। एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया।

> एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है।

शीर्ष अदालत वर्तमान में देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य कुछ संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा था कि आईआईटी मद्रास के संबंधित विशेषज्ञों द्वारा नीट के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

# करंट लगने से बस पर सवार तीन बरातियों की मौत, पांच की हालत गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार रात बरातियों से खचाखच भरी एक बस बिजली तार के संपर्क में आ गई। इससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे बारातियों को रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) रेफर किया गया है।

बताया गया है कि यह बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू जा रही थी। गांव में प्रवेश करने से पहले ही बस विद्युत तार के संपर्क में आ गई। मृतकों की पहचान दिनेश सिंह मुंडा (36), जितेन सिंह मुंडा (12) और एक अज्ञात के रूप में हुई है। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बड़े-बुजुर्गों ने बैठकर बात की और तय किया कि शादी नहीं रुकनी चाहिए। इसके बाद किसी तरह से शादी संपन्न कराया गया।

लोगों ने बताया कि बस में 80 से 90 बाराती सवार थे। अंदर बस फुल थी। बस की छत पर भी काफी संख्या में लोग बैठे थे। करंट लगने के बाद बस पर सवार लोगों में चीख-पुकार मच गयी। तत्काल बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया। घायल हुए पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा हैं। बारातियों ने बताया कि इस दुर्घटना की खबर लड़की वालों को हुई तो वे भी गमगीन हो गए।

## एक नजर

### बीटा थैलेसिमिया मेजर से पीड़ित गुलाम हमजा के पिता ने लगाई मदद की गुहार



**हजारीबाग** : शहर के जमा मस्जिद रोड़ निवासी तहसीन रजा का 18 वर्षीय पूत्र गुलाम हमजा बीते कई वर्षो से बीटा थेरेसिमिया मेजर नामक लाइलाज बीमारी से पीडित है। इनके पूत्र को प्रति माह 1 यूनिट ब्लड की जरूरत होती थी। लेकिन अचानक इनकी तबियत बिगडने के कारण इन्हे अब हर 15 दिनों में 2 यूनिट बल्ड की जरूरत आन पड़ी है। गुलाम हमजा की पिता तहसीन रजा ने लोगों से अपील की है कि इनके बेटे के लिए लोग आगें आए और अपने रक्तदान करके इनके बच्चे की मदद करें। तहसीन रजा ने अपने मोबाईल नम्बर 9155319786, 9431359454 सार्वजनिक किए है ताकि कोई भी रक्तदाता रक्तदान कर मानवता का परिचय दे। आमजनों को खुन चढ़ाने के बीटी सिट का इस्तेमाल होता है जो आसानी से बजार में मिल जाता है। लेकिन गुलाम हमजा को बल्ड चढ़ाने के लिए लिकोसाईड फिल्टर का इस्तेमाल होता है। जो आसानी से बजारो में नही मिलता है। इनके पिता तहसीन रजा ने बताया की यह लिकोसाईड फिल्टर हमारे राज्य झारखंड, बिहार, बंगाल यहां तक यूपी में भी नहीं मिलता है। मुझे यह लिकोसाईड फिल्टर महाराष्ट्र के मुम्बई से मंगवाना पड़ता है।

### मुहर्रम के दिन कर्बला में की गयी चादरपोशी, उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**बरही** : मुहर्रम के सप्तमी के अवसर पर बरही प्रखंड के विभिन्न कर्बला व इमाम बाड़ा को सजाया गया। विशेष फातिहा की गई। इसके बाद कर्बला व इमामबाड़ों में निसान उठाया गया। इमाम हुसैन के सजदे में नारे बुंलद किए गए। इस दौरान गांव, और मोहल्लों में बड़े ही अकि दत के साथ मनाया गया। इमाम बाड़े में निशान खड़े कर, लोगों ने फातेहा पढ़ी और देश में अमन, प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, सौहार्द, और एकता की दुआ की। पर्वरदिगार से यह प्रार्थना की गई कि गंगा-जमुनी तहजीब हमेशा हिंदुस्तान में बनी रहे। वहीं हैदर अली ने कहा कि मोहर्रम का पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समुदाय की एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस पर्व में विभिन्न समुदायों के लोग मिलजुल कर हिस्सा लेते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर साल यह पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए।

### तैयारी पूरी, भाजपा की विजय संकल्प रैली आज

**बरही** : आरएनवाईएम कॉलेज बरही में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली सह अभिनदंन समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभा को सफल बनाने के लिए बरही, चौपारण, चंदवारा व पदमा मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है। सोमवार की शाम तैयारियो का जायजा लेने कार्यक्रम स्थल बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। श्री यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का अभिनदंन के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक बुथ से पांच कार्यकताओं को सभा मे लाना है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 4.08 किलोग्राम ब्राउन शुगर के साथ 6 गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग पुलिस अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इन दिनों सक्रिय है हजारीबाग में लगातार अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी पर कारवाई हो रही है क इसी क्रम में सोमवार को हजारीबाग पुलिस ने छह करोड़ रुपए से अधिक ( अनुमानित राशि ) के ब्राउन शुगर के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है ' एनएच-33 हजारीबाग-बरही पथ स्थित नगवां के समीप लक्ष्मी लाइन होटल के पास से इन्हें पकड़ा गया है. उत्तर प्रदेश के बाराबंकी की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं हजारीबाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ये कामयाबी मिली है. सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को ये जानकारी दी , सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के बरवाडीह निवासी मो खालिद (पिता मो युनूस), चतरा सदर थाना क्षेत्र के आजाद मुहल्ला के मो नुरूल्ला (पिता मो जसीमुद्दीन), सिमरिया थाना क्षेत्र के तपसागेडवा गांव के बलराम कुमार (पिता सिद्धार्थ शंकर दांगी), लोहागड्डा के सुरेश दांगी (पिता इंद्रदेव दांगी), बरवाडीह के विजय कुमार दांगी (पिता विशेश्वर दांगी) एवं मो सलाउद्दीन (पिता मो रउफ) शामिल हैं.हजारीबाग पुलिस ने 4.080 ग्राम ब्राउनशुगर, एक स्विफ्ट डिजायर कार (जेएच 01 एए-9194), होंडा स्पलेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 24 ई 5918), होंडा साइन मोटरसाइकिल (जेएच 13 डी 0868) और छह मोबाइल बरामद किया है बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री होने सूचना पर कार्रवाई की गयी ' एसपी अरविंद कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के बाराबंकी की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि चतरा जिले से छह तस्कर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर हजारीबाग पहुंचने वाले हैं। एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया ' एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और हजारीबाग की कोर्रा पुलिस खबर मिलते ही नगवां हवाई अड्डे के पास गुप्त रूप से निगरानी रखने लगी। इसी क्रम में एक कार में दो तस्कर और दो मोटरसाइकिल में दो - दो तस्कर लक्ष्मी लाइन होटल के समीप पहुंचे ' इसी बीच पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टीम ने सभी तस्करों को दबोच लिया. एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने कहा कि मुंबई में प्रति किलोग्राम ब्राउन शुगर की कीमत एक करोड़ रुपए है, जबकि विदेशों में ब्राउन शुगर प्रति किलोग्राम डेढ़ करोड़ रुपए है।

## बस ने टेंपू में मारी टक्कर, दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)**: पलामू के कुंदरी में खढर बस और टेंपू में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बस में बस में आग लगा दी। घटना पलामू जिले की कुंदरी गांव की है जहां अनियंत्रित बस ने टेंपो को अपने चपेट में लिया टक्कर इतना जोरदार था कि कुंदरी गांव निवासी एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस ने चपेट में आए व्यक्ति को घसीटते हुए लगभग 1 किलोमीटर तक ले गया। इस दौरान बस कुंदरीफॉरेस्ट विभाग द्वारा लगाए गए चेकपोस्ट को भी तोड़ते हुए ओवरस्पीड में निकल गया और वही डेडबॉडी गिर गई। इसके बाद ग्रामीणों ने बस का पीछा किया. बस में सवार सवारी के दबाव और पीछा कर रहे लोगों के कारण बस रामसागर मोड़ के आगे रोक कर ड्राइवर फरार हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने ड्राइवर को खोज निकाला और पुलिस ने ड्राइवर को अपने हिरासत में ले लिया है। वहीं घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कुंदरी में सड़क जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### सड़क पर मवेशी आने से दो बाइक में टक्कर महिला की मौत, दो घायल

**मेदिनीनगर (पलामू)** : बड़ी खबर पलामू से है जहां पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के सूरजवनमाड़न गांव के समीप सोमवार की सुबह दो मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गये। 2 की स्थिति गंभीर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लगभग 9 :00 बजे पांकी से मेदीनीनगर की ओर दो बाइक पर सवार बच्चे समेत पांच लोग मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे। इसी बीच अचानक सड़क पर एक गाय आ गई जिससे गाय से टक्कर होने के बाद दोनों बाइक की आपस में टक्कर हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों बाइक पर सवार घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी भेजा गया जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर रेयाजअनवर ने करार गांव के नादगाद टोला निवासी रामरती देवी को मृत घोषित कर दिया।

## नटराज कल्चरल इंस्टीट्यूट का हुआ उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : हरिहरगंज से सटे महाराजगंज के पाठक मार्केट में रविवार को नटराज कल्चरल इंस्टीट्यूट एंड कंप्यूटर एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि हरिहरगंज राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, समाजसेवी विजय पाठक, राजद छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।वही सभी अतिथियों को अंग वस्त्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा नृत्य, गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि अब महाराजगंज के आसपास के बच्चे व संगीत प्रेमियों को गायन, वादन तथा नृत्य की शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही कहा कि एक ही छत के नीचे कंप्यूटर में डीसीए, एडीसीए, डीटीपी, टैली, इंटरनेट की पढ़ाई कराई जाएगी। वही संस्थान के निर्देशक रोहित कुमार तथा युगेश कुमार ने कहा कि यहां एसटेट परीक्षा एवं बीपीएससी परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। इस मौके पर प्रो वंदना पांडेय, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, विजय पाठक, संगीत शिक्षक रोहित कुमार, मैनेजर सतीश पाठक, अध्यक्ष रामसुंदर साव, मृत्युंजय, लक्की, प्रीति, प्रिया, संजय, धर्मेंद्र, मनोज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का जारी है प्रयास : शेफाली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखण्ड स्थित गुरहेत पंचायत भवन में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिन सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों से जनसंवाद की। ग्रामीणों से मिलकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधित जानकारियां दी। कई जनसमस्याएं भी सुनी। इस दौरान संकलन कैंप आयोजित कर ग्रामीणों की केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर आवेदन प्राप्त किया। आवेदन प्राप्त कर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं गुरहेत पंचायतवासियों ने केंद्रीय योजनाओं के लिए संकलन कैंप लगाकर समास्याओं की सुनने व जानने पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्रामीणों की हर समास्याओं का हर संभव निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उद्योग विभाग के श्रीश त्रिपाठी जी के द्वारा योजनाओं को बताया गया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने गुरहेत पंचायत वासियों को संबोधित कर कहा कि केंद्रीय योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। हमारी टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। हमारी इस पहल से कई परिवारे केंद्रीय योजनाओं से लाभान्वित भी हो चुके हैं। भविष्य में भी यह प्रयास लगातार जारी रहेगी।

## विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सोमवार के दिन लोटा पंचायत के चपाटाड़ से लोटा के बीच उरांगाढ़ा नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना अंतर्गत 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लोटा आदर्श ग्राम के लिए जमीन देने वाले जमीन दाता कालीचरण महतो, बीरबल महतो, करम सिंह महतो, भृगु राम महतो, बनमाली महतो आदि को फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं उनका आभार व्यक्त किया। शिलान्यास के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुल के निर्माण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। पुल बनने के बाद इस पर्वतीय दुर्गम क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र हुंडरु जलप्रपात से जोड़ने की तैयारी है। आज जिस पुल निर्माण की आधारशिला रखी गई है इससे इस पर्वतीय दुर्गम क्षेत्र के ढाई पंचायत के गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। चूंकि मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास के पथ पर लाकर खड़ा करना है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास होने से लोगों के बीच आत्मविश्वास बढ़ता है।आने वाले भविष्य में भी मैं विकास को गति देने के लिए हमेशा आप लोगों के साथ खड़ा हूं और कहा कि समाज में भलाई का काम होना चाहिए। भविष्य में एक्सप्रेस वे बनाने की भी योजना है। इस मौके पर आजसू के के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, सीओ अरुणिमा एक्का, सभी केंद्रीय जिला एवं प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, सक्रिय महिला दीदी, मुखिया, उप मुखिया, पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम प्रधान, महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच, आजसू के वरिष्ठ एवं युवा साथी, वार्ड मेंबर तथा समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आधुनिक और वैज्ञानिक युग में संघर्षों से भरा है हमारा जीवन : धनंजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : मैं उस विश्वविद्यालय के छात्र संगठन का अध्यक्ष हूं जिसे आज के दिन में आतंक का गढ़ के रूप में चिन्हित किया गया है। वैसे सभी विश्वविद्यालय पर हमले हो रहे हैं। हमारे विश्वविद्यालय को सबसे ज्यादा चिन्हित किया गया है। आधुनिक और वैज्ञानिक युग में हमारे जीवन की कथा संघर्ष पूर्ण है। शिक्षा कितना जरूरी है यह बात सब महसूस करते हैं। लेकिन इस आधुनिक और वैज्ञानिक युग में विश्वविद्यालय का फंड कट किया जा रहा है। जेएनयू का फंड तो और भी कट कर दिया गया है। एक प्रोपेगेंडा सिनेमा भी सामने आया है जिसका नाम है जेएनयू। उसे फिल्म में खुला संवाद है जेएनयू के छात्रों को पड़कर सड़क पर गोली मार दो। हम छात्रों के मन में बराबर भाई बना रहता है। वैज्ञानिकता और आधुनिकता किसके हिस्से में जाएगा इसे तय करता है सत्ता। ₹ उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला के 47वीं कड़ी में भीष्म साहनी स्मृति संवाद के दौरान आधुनिक और वैज्ञानिक युग में हमारा जीवन विषय पर चर्चा करते हुए संवाद के मुख्य अतिथि जेएनयू छात्र संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनंजय ने कहा। उन्होंने अपने वक्तव्य से पूर्व भीष्म साहनी के जीवन पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। संवाद के दौरान मुख्य अतिथि धनंजय को वक्तव्य के लिए आमंत्रित करने से उनके सम्मान में पहले इप्टा के कलाकारों ने शैलेंद्र द्वारा लिखित गीत ₹ झूठ से टक्कर लेने को सच्चाई जोश में आई है ₹ प्रस्तुत किया। इसके बाद इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने इप्टा की स्मृति चिन्ह और कविताओं का पोस्टर समर्पित कर अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद पंकज श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि धनंजय का परिचय विस्तृत परिचय कराया। संवाद की कड़ी में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं पत्रकार संजय सिंह उमेश, शैलेश चंद्रवंशी, जेम्सहेरेंज, गोविंद प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति, एवं शैलेंद्र कुमार शर्मा ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। सभी वक्ताओं ने आधुनिकता और वैज्ञानिकता को जीवन के लिए जरूरी बताया। लेकिन इस आधुनिक और वैज्ञानिक युग में जीवन की तबाही को भी बताया। तबाही का कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि वैज्ञानिकता और आधुनिकता को स्वीकार तो करते हैं लेकिन हमारी चेतना आज भी अंधविश्वासों से जकड़ी हुई है। क्योंकि हमारी चेतना को सत्ता और समाज के शक्तिशाली लोग के प्रभाव में आज भी है। संवाद की अध्यक्षता पंकज श्रीवास्तव एवं सुरेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल रूआर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गुमला** : गुमला शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय घाघरा के सभागार में सोमवार को स्कूल रुआर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में शिक्षा पूर्ण कराना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों के नामांकन एवं ठहराव बनाने को लेकर कई जानकारी दी गई। साथ ही यह भी जानकारी दिया गया कि जो बच्चे विद्यालय से बाहर रह गए हैं और बच्चे एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे माता-पिता अभिभावक तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। ताकि एक भी बच्चा विद्यालय के शिक्षा प्राप्ति से बाहर ना रहे। बच्चे अपने शिक्षा पूरा करें। वित्तीय वर्ष 2024 .25 में चिन्हित सभी अनामांकित बच्चों एवं क्षितिज बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना। प्राथमिक विद्यालय का निकटतम मध्य विद्यालय से मैपिंग करना, मध्य विद्यालय का निकटतम उच्च विद्यालय तथा उच्च विद्यालय से कॉलेज या उच्चतर में मैपिंग कराना।

### नामकोम सोदग पंचायत में आजसू पार्टी की हुई बैठक



**अनगड़ा** : नाम कोम प्रखंड अंतर्गत15 जुलाई को सोदाग पंचायत आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी अचलराय तिर्की की अध्यक्षता में मीटिंग रखा गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने सभी ग्राम प्रभारियों को चूल्हा प्रमुख जल्द से जल्द बनने का दिशा निर्देश दिए साथ ही पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी की रीढ़ चूल्हा प्रमुख ही है राज्य में बढ़ रहे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य के हर जिला में आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से बालू कोयला चोर सरकार को विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करेगी इसके लिए खिजरी विधानसभा के हर गाँव स्तर पर चूल्हा प्रमुख तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर राँची जिला सचिव कुदरत शेख, पूर्व मुखिया गणेश तिर्की के साथ सभी ग्राम प्रभारी सुनील बाखला, शिवजी खोया,अल्बर्ट खोया, रवि तिर्की, सुंदर स्वांसी, बंधन खोया,सुनील बरला, अशोक उराँव, महादेव मुंडा, जोहन लिंडा, दीपक किस्पोट्टा,के अलावे कई चूल्हा प्रमुख बबलू खाखा, सुधीर लिंडा, सुलेन्द्र महतो,रोशन कच्छप,चरवा मुंडा, करमा कच्छप,अमित खोया, छोटू केरकेट्टा,आनंद कच्छप, आशिष टूटी,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर मुरी ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



**मुरी/सिल्ली** : मुरी ओपी परिसर में सोमवार के दिन संध्या 4 बजे से थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहर्रम पर्व को लेकर आए हुए सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव एवं विचार दिए। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह ने लोगों से अपील किया कि त्यौहार को आपसी भाईचारे, सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। पुलिस उदण्डता करने वालों पर कड़ी निगरानी रखेगी। क्षेत्र में अफवाह फैलाने वालों से बचें और किसी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस को त्वरित सूचित करें। सभी अखाड़े में जुलूस के साथ प्रशासन मौजूद रहेगी। भड़काऊ गाने या नारे बजाने से परहेज करें। सोशल मीडिया में भड़काऊ खबर या आपत्तिजनक पोस्ट दिखे तो प्रशासन को तुरंत सूचना दें। इस मौके पर समाजसेवी श्याम सुंदर महतो, पूर्व जिला परिषद सुशील महतो, पूर्व प्रखंड प्रमुख कमलनाथ माझी, मोहम्मद फारूक, राजू महतो, मोहम्मद मंजूर आलम, रितेश वर्मा समेत थाना के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्टी ने जन सहायता शिविर का किया आयोजन



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड परिसर में सोमवार के दिन रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के सहयोग से एक दिवसीय जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ राकेश किरण महतो ने जन सहायता शिविर की विस्तार रूप जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के उपरांत पुनः श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। पिछले चार वर्षो से में राज्य सरकार द्वारा जनहित में सभी वर्ग के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। इसके बावजूद रांची जिला कांग्रेस ऐसा महसूस करती है कि राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो का अपेक्षित प्रचार प्रसार नहीं हो पाने के कारण जनता को पुरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। गठबंधन सरकार की प्रमुख सहयोगी दल होने के कारण ये हमारी जिम्मेदारी है की हमारी पार्टी, जनता और सरकार बीच सेतु का काम करें। डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि इस सहायता शिविर में जनता निम्न प्रकार के समस्याओं के समाधान हेतु एवं सरकार की जन कल्यांकारी योजनाओं से संबोधित 1422 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिसमें भूमि सम्बधी, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय , विकलांगता प्रमाण पत्र, पेंशन, कृषि ऋण, छात्रवृत्ति, बिजली, पेयजल, चिकित्सा, श्रम, अबुवा आवास योजना, मु बहन - बेटी योजना, मु रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, मु शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मु सारथी योजना, झा एकलव्य प्रशिक्षण योजना, सावित्री बाई किशोरी समृद्धि योजना, मु सुखा राहत योजना, सरना/मसना स्थल घेराबंदी इत्यादि है। कॅरियर कांउसेलिंग के विशेषज्ञ - डॉ जैतून जॉन एवं कानूनी सलाह - अधिवक्ता सोनी नायक, दिनेश वर्मा एवं रोहित सिंह शिविर में योगदान दिये। जिला अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित आज के इस शिविर को सफल बनाने में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो,सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजुर मोमिन,सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनिता देवी, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनिराम दास, सचिव बलराम महतो, अल्पसंख्यक सिल्ली अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, मो. कलाम अंसारी, सोशल मीडिया के जगदीश चंद्र महतो,देवाशिष दत्ता, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, लालू कोइरी, सोमरा मांझी, भागिरथ महतो, छोटे खाँ, श्रीप्रसाद बड़ाईक, रमजान अंसारी, सदानंद सोनार, बालेश्वर बेदीया, अक्षय मांझी, पंचानंद मांझी, रसोराज लोहरा, नितेश गुप्ता, इत्यादि कांग्रेस नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### जमीन घोटाले के आरोपी संजीत कुमार की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने सोमवार को जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद आरोपी कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ऑफिस के चौकीदार संजीत कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व तीन जुलाई को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुक्षित रख लिया था। संजीत कुमार ने जमानत की गुहार लगाते हुए 12 जून को याचिका दाखिल की थी। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

### हाई कोर्ट से गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के शूटर को मिली जमानत

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के कुख्यात शूटर शिव कुमार उर्फ शिवेंद्र को जमानत दे दी है। शिव कुमार के खिलाफ पलामू पांकी थाना में दर्ज जीतू कुमार की हत्या का मामला दर्ज है। इस केस में शिव कुमार की गिरफ्तारी 12 जनवरी, 2023 को की गयी थी। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में था। शिव कुमार ने अपने अधिवक्ता अमन कुमार राहुल के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की थी। जमानत याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की डबल बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने उसे इस शर्त पर जमानत दी है कि उसे ट्रायल के दौरान सभी तारीखों में निचली अदालत में सशरीर उपस्थित होना होगा।

### नशे के कारोबार पर हाई कोर्ट सख्त

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट नशे के कारोबार पर काफी सख्त है। अदालत ने सोमवार को स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले में सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से कहा कि शराब के व्यापार में सरकार को राजस्व का लाभ तो होता है, लेकिन आबादी वाले मुहल्लों, घरों और मंदिरों के आसपास शराब बिक्री से आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इसलिए ऐसी जगहों पर शराब बिक्री का लाइसेंस देने से पहले विचार किया जाना चाहिए। शहर के कई इलाकों जैसे लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं, इन रेस्टोरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है। उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाये। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ राज्य भर में अभियान चलाया जा रहा है और नशे के कारोबार में संलिप्त कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### असम के मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे झारखंड

**रांची :** झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा 16 जुलाई को 10 बजे सेवा विमान द्वारा रांची पहुंचेंगे। वे रांची से सड़क मार्ग के जरिए तोरपा और खूंटी जायेंगे। वे तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। अपराह्न में वे खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अगले दिन 17 जुलाई को महानगर कार्यालय में आयोजित रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा क्षेत्र स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे।

# केन्द्रीय शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को मोहर्रम पर्व को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये। अखाड़ा प्रतिनिधियों ने जुलूस के रुट में गड्ढों की भराई, लाइट की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था किये जाने की बात कही। शांति समिति के सदस्यों के सुझावों को सुनने के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने इस पर अमल करने के लिए जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां नियत समय पर पूरी कर ली जायेंगी। उपायुक्त ने जुलूस रुट के गड्ढों के भरने, लाइट, शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि त्यौहार हम सभी को जोड़ने के लिए है, हमारी तैयारी बेहतर स्थिति में है। हमें उम्मीद है कि सभी अनुशासन, भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण मंश त्यौहार मनाएंगे और रांची पूरे राज्य में उदाहरण पेश करने में सफल होगा।

रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मोहर्रम को लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। 200 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति है। गश्ती के साथ क्यूआरटी भी है, जिसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर रहेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति पूर्वक मुहर्रम मनायें और मनाने में सहयोग करें। असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसएसपपी ने कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर पहले से ही सीसीटीवी के कवरेज में है, जितने भी संवेदनशील स्थान हैं वहां सीसीटीवी लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कंट्रोल रुम से लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी कोई आपतिजनक, भड़काऊ पोस्ट, फोटो या वीडियो मिलता है तो कंट्रोल रुम को भेजें ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में शमशेर आलम ने कहा कि हम कई वर्षों से मोहर्रम का पर्व मनाते आ रहे हैं और इसमें सभी धर्मों और वर्गों का सहयोग होता है। इस बार भी हम भाईचारा के साथ पर्व मनाते हुए मिसाल कायम करेंगे। उनहोंने सभी अखाड़ाधारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आये नये थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस निकालने की बात कही।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को मिला एक और मौका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए दायर याचिका पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से एक बार फिर से कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। मुख्यमंत्री की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दायर की गयी थी।

इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

#### क्या है मामला

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था।

## नगर भ्रमण और प्राण-प्रतिष्ठा के साथ चार दिवसीय समारोह संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बरियातू के रानीबगान स्थित हरिओम टॉवर हेरिटेज फेज 2 में नगभ्रण, एवं निद्राधिवास और पूरे विधि विधान के साथ नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का चार दिवसीय समारोह सोमवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आस-पास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण का लाभ उठाया। मंदिर में मां दुर्गा के साथ भोलेनाथ और नंदी की मूर्ति स्थाति की गई है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सिलसिले में पहले दिन 12 जुलाई को सोसाइटी और करीब की बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। नांदी मुख श्राद्य पूजन, मंडप शिखर अभिषेक, दूसरे दिन अधिवास, देवी पूजन, तीसरे दिन भी अधिवास, देवी पूजन आदि का कार्यक्रम चला। चारों दिन लगातार भजन, पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## 18 से 20 वर्ष के शहरी युवाओं के मतदाता निबंधन की दिशा में दें विशेष ध्यान : सीईओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को राज्य के सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ व एईआरओ के साथ राज्य में चल रहे द्वितीय विशिष्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम सीमित समय में कराए जा रहे हैं। इस अवधि में लक्ष्य आधारित होकर कार्य करें। कुमार ने कहा कि स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता है। स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण से ही मतदान प्रतिशत में आशानुरूप वृद्धि होगी। कार्य में पिछड़ रहे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर की हैंड होल्डलिंग तो करें ही परिस्थितियों अनुरूप उन पर त्वरित कार्रवाई भी करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद एवं रांची जिले में 18 से 20 वर्ष के मतदाताओं के मतदाता सूची में निबंधन की स्थित असंतोषजनक है। इनके निबंधन के लिए जागरुकता कैंप लगाकर कार्य करें। शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर शत-प्रतिशत सुपर चेकिंग करना सुनिश्चित करें। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होने से वंचित न रहे इसे ध्येय बनाकर कार्य करें।

विगत लोकसभा निर्वाचन में जिन जिलों में निर्वाचन कार्य में किसी भी रूप में छोटी मोटी समस्या उत्पन्न हुई थी उनकी जिलावार समीक्षा की गई। सीईओ ने कहा कि पदाधिकारी ऐसे मामलों को आगामी चुनाव में केस स्टडी के रूप में लेते हुए इनका प्रशिक्षण के दौरान इस्तेमाल करें।

इस अवसर पर मुख्यालय से संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे सहित सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ एवं एईआरओ उपस्थित रहे।

## मुहर्रम को लेकर एसपी के नेतृत्व में रांची में निकाला गया फ्लैग मार्च




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में मोहर्रम को लेकर रांची के सिटी एसपी के नेतृत्व में सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड, डेली मार्केट, उर्दू लाइबेरी, अंजुमन प्लाजा, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक और चर्च रोड होते हुए निकाला गया। इस दौरान सीआरपीएफ की महिला बटालियन भी फ्लैग मार्च में शामिल हुई। मौके पर कोतवाली डीएसपी, कोतवाली थाना प्रभारी, डेली मार्केट थाना प्रभारी, हिन्दपीढ़ी थाना प्रभारी, लोअर बाजार थाना प्रभारी और सर्जेंट मेजर सहित कई पुलिस पदाधिकारी फ्लैग मार्च में मौजूद रहे।

सिटी एसपी ने बताया कि फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की गयी। साथ ही असमाजिक तत्वों को चेतावनी दी गयी कि रांची पुलिस पूरी तरह से तैयार है।

# राजभवन जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को प्रशासन ने मोरहाबादी में रोका, 13 दिनों से कर रहे हैं आंदोलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** सोमवार को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया है। अपनी मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को तय कार्यक्रम के तहत में मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे। लेकिन भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया है। सहायक पुलिस कर्मियों को जब यहां रोका गया तो विरोध में सभी सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सहायक पुलिसकर्मियों ने कई बार बैरिकेडिंग को धकेलते हुए आगे बढ़ाने की कोशिश भी किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहायक पुलिस कर्मियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव के लिए अड़े रहे। बता दें सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में बीते दो जुलाई से शुरू हुआ है, जो 13वें दिन भी जारी है। बारिश होने के बाद भी कई जिलों से आए सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में टेंट बना कर आंदोलन कर रहे हैं।

सहायक पुलिसकर्मियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि हमलोग लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन सरकार के कान में अभी तक जू भी नहीं रेंग रही है। फिलहाल सभी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इससे पहले सहायक पुलिस कर्मियों ने आठ जुलाई को विशेष सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। सहायक पुलिस कर्मियों का कहना है रघुवर दास की सरकार के दौरान 2017 में राज्य के 12 नक्सल प्रभावित जिलों में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने में सहायता के लिए इन सहायक पुलिस की नियुक्ति हुई थी। तब उन्हें दस हजार रुपये मासिक दिया जाता था।


## संक्षिप्त खबरें

### विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रांची :** सोमवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत चल रहे मोजैक वर्क स्किल्स वेटरनरी रोड कांके रांची में विश्व युवा कौशल दिवस के शुभ अवसर पर केंद्र में प्रतियोगिता आयोजन कराया गया। जिसमें 200 से अधिक प्रशिक्षयों ने हिस्सा लिया और विजेता प्रशिक्षयों का हौसला बढ़ाने तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित भी किया गया। इस आयोजन में मुख्य रुप से केंद्र के संचालक अखिल तिवारी, मुख्य अतिथि विजय राय एवं केंद्र टीम ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। जिसमें विजेता के रूप में जीडीए से निधि कुमारी और अर्श परवीन, सैंपलिंग टेलर से रेशमी परवीन अनुष्का कुमारी, ईडीएस से अभिषेक कुमार तथा फूड एवं बेवरेज से फरहा नाज को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्र प्रबंधक अब्दुल्ला, केंद्र उप प्रबंधक निखिल तिवारी, प्लेसमेंट इंचार्ज पिंटू पांडेय,एमआईएस पुनीत सिंह, ट्रैनर रानी कुमारी, नरेश कुमार मिस्त्री, दीपिका उरांव, बेबी कुमारी, तिरती देवी, रीता कुमारी आदि मौजूद थें।

### रांची नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान



**रांची :** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने सेवा सदन के सामने और बड़ा तालाब के आसपास सोमवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान निगम ने अस्थायी और अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया। इसके अलावा नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले वेंडर्स को हटाया गया तथा सामान भी जब्त किया गया, जिसमें एक काउंटर तथा बांस-बल्ली जब्त किया गया। अभियान के बाद निगम की टीम ने वेंडर्स को भविष्य में उस स्थल पर फिर से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी। रांची नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार के आदेश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### व्यापम घोटाले के सरपरस्त अब झारखंड में आकर ईमानदारी का रच रहे ढोंग : कांग्रेस



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यापम घोटाले के सरपरस्त अब झारखंड में आकर ईमानदारी का ढोंग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में 50 फीसदी कमीशन के जनक बने हुए थे। दस साल केन्द्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार रही। रोज नये-नये वादे देश के प्रधानमंत्री ने किए। शिवराज सिंह चौहान उन वादों का भी बात करें। देश के कृषि मंत्री हैं तो बतायें, किसानों की एमएसपी की गारंटी क्या है। सिन्हा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कोरी बयानबाजी न करें, बल्कि हकीकत जानें। हकीकत यह है कि महागठबंधन की सरकार इस राज्य में दो लाख रुपये किसानों की ऋण माफी किये हैं, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, विधवा पेंशन की उम्र सीमा हटाई गई, प्रधानमंत्री आवास योजना की पैसा केन्द्र सरकार जरिये रोक दी गई तब हमने अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराने का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना, मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ोतरी, आगंनबाडी सेविका, सहायिका की मानदेय बढोतरी ऐसे कई जनहित की योजनाए राज्य सरकार की ओर से चालू है। यदि शिवराज सिंह चौहान कहें तो कुल 461 नहीं, बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा धरातल पर उतरी जनयोजनाओं की सूची उन्हें उपलब्ध करवा दें।

### सनाउल्लाह अंसारी का निधन राजद के लिए अपूरणीय क्षति : गौतम सागर राणा



**रांची :** प्रदेश राजद कार्यकारिणी सदस्य और जमशेदपुर निवासी सनाउल्लाह अंसारी के आकस्मिक निधन पर पार्टी नेताओं ने सोमवार को धुर्वा विधानसभा गेस्ट हाउस में शोक संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि सनाउल्लाह अंसारी लगभग 76 वर्ष के थे। वह प्रखर समाजवादी नेता थे और कपूर्री ठाकुर के विचारधारा तथा राजद अध्यक्ष लालू यादव यादव के नीति सिद्धांत के पक्के सिपाही एवं राजद के समर्पित कार्यकर्ता थे। वह धर्मनिरपेक्षता के लिए सदैव संघर्षशील रहे। उनके निधन राजद पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि सनाउल्लाह अंसारी राजद के अभिभावक थे। उनसे हम लोगों को राजनीतिक अनुभव का काफी कुछ सीखने को मिलता था। उनके आकस्मिक निधन होने पर पार्टी की ओर से दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। पार्टी की ओर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्र यादव, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, आबिद अली, डॉ. मनोज कुमार, चंद्रशेखर भगत, इब्राहिम खान, त्रिपुरारी सिंह, सज्जाद अहमद अंसारी, रामकुमार यादव, शब्बर फातमी सहित अन्य ने शोक जताया है।

### मोरहाबादी में धरने पर बैठे पुलिस के जवानों ने किया पौधरोपण

**रांची :** मोरहाबादी में घरने पर बैठे झारखंड पुलिस के जवानों ने बापू वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुधा और अरमान चैरिटेबल ट्रस्ट ने इसमें सहयोगी के रूप में भागीदारी निभायी। मुख्य अतिथि महादेव फाउंडेशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने कल्पतरू वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद कई तरह के फलदार पौधे लगाये गये। चीफ गेस्ट मृत्युंजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की रक्षा और दुर्लभ वृक्षों को बचाना सबों का कर्तव्य है। मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी खास तौर से मौजूद थे।

एक नजर

## मुहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**बोकारो :** गोमिया व तेनुघाट ओपी क्षेत्र में मुहर्रम पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस की कवायद तेज हो गई है। इसी को लेकर पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बाइक से फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार कर रहे थे। यह फ्लैग मार्च साड़म के संतोषी माता मंदिर से निकलकर चटनियां बागी, इस्लाम टोला, पलानी, दलाल टोला, अछैया टोला होते हुए लाल बांध पहुंची इस दौरान पुलिस ने लोगों से मुहर्रम का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर और जवान भी शामिल थे। इस संबंध में तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि मुहर्रम का पर्व शांति और सौहार्द का प्रतीक है। लोग इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था भंग करने वाले उपद्रवियों और शरारती तत्वों को किसी भी हाल में बक्शा नही जायेगा। पुलिस की नजर हर जगह रहेगी।

## भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा संपन्न



**बोकारो :** इस्पात नगरी में 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह से संपन्न हुई जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी थी. विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया. रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्या एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरम्भ हुई. पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे. रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची।

## जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**बोकारो :** शिक्षा विभाग की ओर से जिले में जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला स्तर पर अंतर विद्यालय प्रतियोगिता से प्रतियोगिता शुरू की जाएगी जिला स्तर पर बालक व बालिका वधू की विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी जिला में जिला स्टार जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन पर फोटो और वीडियो को उपलब्ध करना कहा गया है यह हॉकी प्रतियोगिता लीग सा नॉकआउट आधार पर प्रणाली पर आयोजित की जाएगी और इससे जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूनार्मेंट समिति की ओर से बनाए गए नियमों और कानून के अनुसार खेला जाएगा प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व प्रतियोगिता स्थल पर खिलाड़ियों की सूची प्रपत्र के साथ संबंध का प्रतियोगिता संयोजक के पास जमा करना होगा लीग मैच में खेल की अवधि 15 15 मिनट की होगी मैच का हाफ टाइम 10 मिनट का होगा यदि कोई मैच ड्रॉप और समाप्त होता है तो पेनल्टी शूटआउट नियम लागू करके फाइल का निर्णय किया जाएगा।

# जिम्मेदारी को समुचित रूप से निभाने हेतु सामूहिक जरूरी है प्रयास : डीईओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बच्चों को स्कूल से जोड़ने की मुहिम बैक टू स्कूल कैंपिंग के तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला शिक्षा परियोजना बोकारो द्वारा सोमवार को स्कूल रूआर, 2024 कार्यशाला का आयोजन कैंप टू स्थित न्याय सदन के सभागार में आयोजित किया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे के द्वारा की गई। उक्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने शिक्षा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल रूआर, 2024 सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। इसके तहत कल से 31 जुलाई, 2024 तक जिले के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा ताकि बच्चों का नामांकन और ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। बच्चों को स्कूल से जोड़ने की सार्थक मुहिम है। हमारे सरकारी स्कूल भी किसी निजी स्कूल से कम नहीं है। यह कार्यशाला बच्चों को स्कूल में उनके नामांकन और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को पुनः स्कूल में वापस लाना और नियमित अध्यापन कार्य किया जाना है। साथ ही कहा कि बच्चों को विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित उपस्थिति बनाए रखना एक चुनौती है। इस जिम्मेदारी को समुचित रूप से निभाने हेतु सामूहिक प्रयास जैसे- जन प्रतिनिधि, समाज सेवी, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंध समिति, माता समिति, अभिभावक, माता-पिता, शिक्षक एवं शिक्षा से जुड़े कर्मी पदाधिकारी एवं स्वयं से भी संस्थाओं की भागीदारी अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सुनियोजित और संगठित ढंग से संचालित करने के लिए अभियान का उद्देश्य, लक्ष्य, क्रियान्वयन, रणनीति और एक सुस्पष्ट कार्य योजना बनाई गई है, जो विद्यालय स्तर पर आयोजित होगी। अभियान में प्राइमरी स्कूल का निकटतम मिडिल स्कूल में मैपिंग करना, मिडिल स्कूल का निकटतम हाई स्कूल और हाई स्कूल से प्लस टू में मैपिंग करना जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे ने कहा कि शत प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने, अप्रवासी, अनामांकित और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने, पिछले वर्ष में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगले कक्षा में शत प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति की पुष्टि करने का कार्य करना है। सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी में दर्ज करना, नियमित अनुश्रवण करना एवं नव नामांकित बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना।




## सिटी सेंटर में जय इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में लगी आग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सिटी सेंटर सेक्टर 4 जितेंद्र सिनेमा के पीछे प्लॉट नंबर जे बी 14 के निचले तल्ले में इलेक्ट्रिक स्कूटी जॉय के शोरूम न्यू झारखंड मोटर में लगी भीषण आग। आग की घटना में लगभग 15 से 20 स्कूटी जलकर हुई खाक। इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम के मालिक ने बताया कि शोरूम में रखी हुई लगभग 15 से 20 स्कूटी पूरी तरीके से जलकर खाक हो गई हमें बचाने का मौका नहीं मिला क्योंकि इतनी जल्दी आग पकड़ लिया और भयावह रूप ले लिया लगभग 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। स्कूटी शोरूम के ऊपर हॉस्टल में फैंस छात्रों ने छत से दूसरे बिल्डिंग में कूद कर बचाई अपनी जान। दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आज पर काबू पा लिया आग लगने का कारण इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में बैटरी हिट होकर फटने बताया जा रहा है बैटरी हिट होकर फटने से इतनी जल्दी पूरे शोरूम में आग लगा कि किसी को बचाने का मौका नहीं मिला हालांकि किसी जान की छाती नहीं हुई है लेकिन बाइक शोरूम में जितने भी स्कूटी थी सारी जलकर खाक हो गई है।

## 'अदबी संसार' के बैनर तले ब्रजेश भावना सिंह लिखित पुस्तक का हुआ लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** साहित्यिक संस्था 'अदबी संसार' के तत्वावधान में कवि ब्रजेश भावना सिंह लिखित तीन काव्य संग्रह 'गीत मेरी भावना के', 'गीत कर महुआ के फूल' एवं 'अस्मिता की पुकार' का एक साथ लोकार्पण हुआ। मेदिनीनगर शांतिपुरी स्थित सुबह की धूप पत्रिका के सभाकक्ष में आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता शायर अब्दुलकय्यूम रूमानी एवं सफल संयोजन एम.जे.अजहर ने किया जबकि संचालन शिक्षक परशुराम ने किया। तीनों काव्य संग्रह का लोकार्पण संयुक्त रूप से सभाध्यक्ष कय्यूमरूमानी,कविहरिवंशप्रभात, अदबी संसार के संस्थापक एमजेअजहर,संरक्षकशमीमरजवी, अमीन रहबर, अध्यक्ष इमरानशाद,मीतहरमस्तपुरी,सुषमा श्रीवास्तव, डॉ इंतेखाबअसर, सुबह की धूप की प्रकाशक



अनिताकुमारी, रमेशसिंह, मुबीनउद्दीनकुरैशी, किरणराज, रीना प्रेम दूबे, जयालक्ष्मी, विजय शंकर मिश्र, मनीष मिश्र 'नंदन' मो.इस्तेखार, हेवंतीदेवी, सुरेश सिंह, त्रिपुरारी सिंह चेरो, अजयसिंह, निशांतपाण्डेय, अशोक मेहता, प्रेम दूबे व विजय कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया। कवि ब्रजेश भावना सिंह ने प्रोत्साहन के लिए सभी साहित्यकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। समारोह के अंत में एमजेअजहर के नेतृत्व में अदबी संसार ने सभी कवि-कवयित्रियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुस्तकलोकार्पण के उपरांत समारोह कविगोष्ठी में तब्दील हो गया। कवि-कवयित्रियों ने ब्रजेश भावना सिंह को उनकी रचनाधर्मिता एवं सद्य प्रकाशित काव्य संग्रह के लिए बधाइयां दीं तथा एक बढ़कर रचनाओं को प्रस्तुत किया। पूरा माहौल शेरो-शायरी एवं गीत-गजलों से गुंजायमान हो गया। सबने इस यादगार आयोजन के लिए 'अदबी संसार' की सराहना की।

## झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम गठित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आगामी 26-28 जुलाई को होटवार, रांची में आयोजित 14वीं सब-जूनियर एवं जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता 2024 के लिए बोकारो जिले की टीम का गठन कर लिया गया है। बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से डीपीएस बोकारो के स्विमिंग पूल एरिया में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तैराकी की विभिन्न स्पधाओं में प्रदर्शन के आधार पर कुल 22 नवोदित तैराक टीम में चयनित किए। बालक वर्ग में अरण्या रोहन, वरुणादित्य रॉय, अंकित बासु, अर्नव शरण, एम एस संकर, प्रज्ञान कुमार, अतुल्य, हर्षित मोदी, आरव कुमार, अक्षत वर्मा, हर्षिल अधिराज, पूनान, सम्यक एवं आनंद देवनाथ तथा बालिका वर्ग में गुरलीन, सुप्रिया सिंह, फैजा फारूकी, अदित्री चौहान, अरुणिमा, आंशिका, आद्या प्रिशा और अंकिता राज को टीम में शामिल किया गया है। सोमवार को यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बताया कि झारखंड तैराकी संघ के तहत रांची जिला तैराकी संघ की ओर से होटवार स्थित वीर बुधु भगत एक्वेटिक स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी 26 से 28 जुलाई की अवधि में 14वीं सब-जूनियर एवं जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता हो रही है। इसके लिए चार कैटेगरी में प्रतिभागियों का चयन किया गया है। कैटेगरी- 1 में 15-17 वर्ष, कैटेगरी 2 में 12-14, कैटेगरी-3 में 10-11 और कैटेगरी-4 में 8-9 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी चुने गए हैं। उन्होंने टीम में चयनित तैराकों को राज्यस्तर की आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## अधिवक्ताओं पर भू माफिया के हमले के खिलाफ हुआ प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो सिविल कोर्ट के आदेश से चास अंचल के बंधगोड़ा में भू मापी करवा रहे प्लेडर कमिश्नर अधिवक्ता भू देव सिंह चौधरी और अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा पर भू माफियाओं द्वारा किए गए जानलेवा हमला का निंदा किया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने जानलेवा हमला की घोर निंदा की है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि ये अधिवक्ता पर नहीं न्यायलय पर हमला है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। अधिवक्ता बासुदेव गोस्वामी ने अधिवक्ता के हमला के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। ज्ञात हो कि घायल अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा द्वारा पिंडराजोरा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है, जिस पर हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है परन्तु 24 घंटा के बाद



भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बोकारो के सब जज तृतीय के आदेश पर चास अंचल के बांधगोड़ा में भू मापी कोर्ट से नियुक्त प्लीडर कमिश्नर अधिवक्ता भूदेव सिंह चौधरी द्वारा किया जा रहा था उसी समय दोनों अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया। जिनके साथ अधिवक्ता रंजीत कुमार मिश्रा भी वादी रौशन जमील की ओर से मौजूद थे, उसी दौरान भू मापी का विरोध कर रहे भू माफियाओं ने अधिवक्ता भूदेव सिंह चौधरी पर जानलेवा हमला कर दिया उनको बचाने के क्रम में रणजीत कुमार मिश्रा पर भी जानलेवा हमला किया गया।

# काला हीरा में नाट्य, नृत्य व गायन में कलाकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** सामुदायिक भवन,कोयला नगर में आयोजित चार दिवसीय आठवीं सांस्कृतिक कार्यक्रम काला हीरा में तृतीय दिन काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी पूनम प्रसाद ने ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल व पूर्व अध्यक्ष अशोक मानव, आईटीसी के उपाध्यक्ष व जमशेदपुर के लोकप्रिय सांस्कृतिक संस्था पथ के निदेशक मोहम्मद निजाम, और पथ संस्था की छवि दास को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि अशोक मानव ने कहा काला हीरा जैसा प्रतिष्ठित मंच कलाकारों को प्रदान करना बहुत ही तपस्या एवं कठिनाइयों का कार्य है जिसे राजेंद्र प्रसाद बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने




कहा आज की तारीख में सरकार कागजों पर कलाकारों के लिए निश्चित रूप से काफी विकास दिखा रहे हैं, कलाकारों को प्रदान किया फंड भी दिखाया जा रहा है लेकिन यह ग्रास रूट के कलाकारों के लिए महज एक दिखावा है, सिर्फ छलावा है सरकार के द्वारा कलाकारों के लिए जो भी सुविधाएँ एवं राशियाँ निर्गत की जाती है उसे कुछ खास लोगों का एक समूह है जिसे हड़प लिया जाता है। वह राशि संस्थाओं एवं कलाकारों के पास नहीं पहुंच पाती सरकार इस संबंध में कलाकारों के हित के लिए त्वरित संज्ञान ले ताकि उनकी दी हुई राशि और सुविधा भारत के हर सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय कलाकारो,संस्थाओं तक पहुंचे तभी देश के सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय विरासत का संपूर्ण विकास होगा। ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के अष्टभुजा मिश्रा संगीत नाटक अकादमी ने नौटंकी, गायन और अभिनय के लिए पुरस्कार दिया जिन्होने हिंदुस्तान समेत 6 देश में नौटंकी की प्रस्तुति कर भारत का नाम रोशन किया है उन्होंने कहा कि काला हिरा शास्त्रीय एवं सांस्कृतिक कलाकारों के कलाओं को जीवित रखने और सम्मानित करने का पूरे देश में बहुत बड़ा मंच है। नौगांव गौहाटी असम से आसामी लोक नृत्य में पारंगत स्मृति कश्यप ने कहा काला हीरा में परफॉर्मेंस करने के लिए सालों भर इंतजार करती हूं और काला हिरा के मंच में परफॉर्मेंस करके और पूरे देश से एकत्रित हुए कलाकारों से मिलकर,इन अनमोल पलों को दिल में याद करके पूरा साल जीती हूँ। तृतीय दिन के निर्धारित कार्यक्रमों की शुरूआत हुनर संस्था आजमगढ़ के हुनर संस्था के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना नृत्य की मनभावन प्रस्तुति से की गई। जिसके उपरांत स्थानीय एवं अन्य राज्य के कलाकारों ने ट्राइबल लोक नृत्य,देश के हर प्रांतो के लोक नृत्य भरतनाट्यम, ओडीसी, वेस्टर्न डांस,गायिकी गजल गायन डुएट ,मोनो एक्ट शास्त्रीय, समूह शास्त्रीय नृत्य आदि नृत्य में बेहतरीन एवं मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला बढ़ाई और दर्शकों को अपने अपने नृत्य से आनंदित किया।समस्त कलाकार ने अपनी मंच पर अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए काफी उत्साहित थे जिसका समर्थन व हौसला अफजाई उनकी टीम एवं अभिभावकों द्वारा मिल रहा था। हर परफॉर्मेंस के बाद हॉल में दर्शकों की तालियां गूंज रही थी।

संक्षिप्त खबरें

## 20 से मुख्यमंत्री आवास का बेमियादी घेराव करेंगे सहायक अध्यापक



**धनबाद :** जब जब राज्य के सहायक अध्यापक अपने मांगो को लेकर अंदोलन पर रहें है, अंदोलन को कमजोर बनाने के लिए के लिए, परियोजना परिषद् रांची के द्वारा कल्याण कोष का लॉलीपॉप निरंतर 10 वर्षों से दिखाया जा रहा इस बार संघर्ष मोर्चा के साथी कल्याण कोष की बैठक को बहिष्कार किया, पिछले 10 वर्षो से सहायक अध्यापकों का कल्याण कोष का लाभ अब तक नही मिल पाया सहायक अध्यापको को कल्याण कोष के नाम पर विगत 10 वर्षों से केवल समय पार कर रही है,इसलिए झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्यों ने कल्याण कोष की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया उक्त बातें संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य निरंजन कुमार दे व सुशील पांडेय ने संयुक्त बयान जारी कर कहा। इस बार मुख्यमंत्री आवास घेराव ऐतिहासिक होगी हेमंत सरकार सहायक अध्यापकों से किए गए वादे को अभिलंब पूरा करना होगा अन्यथा की स्थिति में आंदोलन को उग्र किया जाएगा।बैठक मे मुख्य रूप से जिला सदस्य नरेश महतो, इकबाल शइद,प्रखंड सदस्य संतोष महतो, बिशु महतो जैनुल अंसारी,कल्याण चक्रवर्ती,राबीय खातून,श्याम सुन्दर गोस्वामी,कमल भंडारी,हलधर कुम्भकार,मागुर्बुल ओला खान,रीजवान,गिरीश सज्जाद,निमाई गोराई,श्रीकांत दता,अमजद अन्सारी,संजय उपाध्याय,उस्मान अन्सारी,राजु रविदास ,गणेश कुम्भकार,हाजि इलियास,अनादी मंडल,भीम बाऊरी,हाकिम अन्सारी,मृत्युनजय मंडल,सुभाष रविदास, ताहीर अन्सारी,काली चरण,मरांडी,मनोज रजक,आदि उपस्थित हुए।

## आदित्यनाथ झा बने 99 कोयलांचल सिटी के अध्यक्ष



**धनबाद :** आठ लेन सड़क पर भूली के समीप स्थित 99 कोयलांचल सिटी मंदिर प्रांगण में नयी समिति के गठन के लिये बी के तिवारी की अध्यक्षता में बैठक में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में चूणव संपन्न हुई। चुनाव को संपन्न कराने की जिम्मेदारी ए .एन.झा और अमित कुमार सिंह को सौंपी गई थी। दोनों सम्मानित सदस्यों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। बैठक में उपस्थित 99 कोयलांचल सिटी परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों का हृदय से आभार । पूर्व की समिति के सभी सदस्यों के प्रति भी सोसायटी के हित मे उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। नयी समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर अपनी सोसायटी को सुंदर बनाने में सफल होने के आशा व्यक्त किया गया। 99 कोयलांचल सिटी परिवार के सम्मानित सदस्य ए एन झा को अध्यक्ष , सत्येन्द्र कुमार को सचिव और जितेन मंडल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में हमारी सोसायटी की सम्मानित नारीशक्ति स्वरूपा महिला सदस्यों की उपस्थिति अत्यंत ही प्रशंसनीय तथा उल्लेखनीय रही। जिस परिवार, समाज व किसी भी संगठन में नारियों का जब सम्मान होता है, तभी वह परिवार, समाज व संगठन की प्रगति संभव होती है। हमारा मानना है कि अगर हमें अपने 99 कोयलांचल सिटी परिवार या सोसायटी का किसी भी तरह का विकास करना है तो नारीशक्ति के सकारात्मक व सहयोगात्मक सहभागिता के बिना संभव नहीं है। इसलिए नारीशक्ति की सोसायटी हित में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा रहेगी।यह नवगठित समिति दो वर्षों के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी ।नई कमिटी को श्याम नारायण सिंह,मो ताहिर ,आर बी दोरजी,रमेश सिंह,सत्येंद्र सिंह,यू के पंडित,
सहित 99 कोयलांचल सिटी सोसायटी के लोगो ने बधाई दी।

## स्कूल वैन में लगी आग, बाल बाल बचे छात्र



**धनबाद :** भूली डी नोबली स्कूल वैन में दोपहर 1 बजे आग लगने से दर्जनभर स्कूली छात्र छात्राओं की जान बाल बल बची। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है राजगंज से स्कूली बच्चे लेकर उक्त मारुति वैन भूली ड़ी नोबली स्कूली आयी थी,छुट्टी से पूर्व वैन चालक जैसे ही गाड़ी स्टार्ट किया तभी उसमें आग लग गयी देखते ही देखते स्कूली वैन धु धू कर जलकर राख हो गयी, आस पास के अन्य ड्राइवर ने पानी से आग बुझाने का कार्य किया बाद में स्कूल से पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया,सूत्रों ने बताया कि उक्त स्कूल वैन काफी पुराना था,जिसके कारण उक्त वाहन में शार्ट सर्किट से आग लगी है जैसा लोगो ने बताया,अभिभावकों ने बताया की बहुत सारी वाहनों का कागजात फैल वाहन से स्कूली बच्चो को लाने ले जाने का कार्य किया जाता है,अगर किसी प्रकार की घटना होती है तो उसमें स्कूल प्रबंधन,संबंधित विभाग व वाहन मालिक सब दोषी होते है। समय रहते पुरानी गाड़ियां पर अंकुश नहीं लगी तो भविष्य में कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

## बुनियादी सुविधाओं को लेकर महिला समूह ने की बैठक




**बोकारो :** सेक्टर 12 ई प्राथमिक विधालय गुमला नगर के प्रांगण मे बस्ती के महिला समुह कि एक बैठक फ्लोरा लकडा.के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। महिला समूह के इस सभा मे विशेष रूप से आमंत्रित झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के महामंत्री डी .सी .गोहाई ने महिलाओं से कहा कि बस्ती मे पानी, शौचालय एवं बुनियादी सुविधाए उपलब्ध नही होने पर महिलाओं को ही सबसे ज्यादा परेशानी उठाने परते है उपर से सरकार द्वारा घोषित विशेष महिला की योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री बहू बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना ,महिला सशक्तिकरण से जुड़ी स्वावलम्बन योजनाएं भी नहीं मिलने पर महिलाओं के अंदर काफी आक्रोश आक्रोश है ।इन सभी अधिकारों को हासिल करने के लिए महिला जागरूकता, के साथ साथ अपने हक अधिकार के प्रति एक दूसरे पर निर्भर ना हो करके अपना स्वावलंबन के साथ आंदोलन के लिए आगे तैयार रहना होगा। सभा को सिसोलिया धनवार,अंकिता लकड़ा, रोना लकड़ा रोजी देवी, रीता देवी ,फुल मनी देवी, संगीता,रेखा देवी ,आशा देवी , जैकलिन टोपनो ,अंजिता लकड़ा, रहीम खातून आदि उपस्थित रहे।

# रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान



ललित गर्ग

भारत पर दुनिया का बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत शांति एवं अयुद्ध का हिमायती है। हम तो पहले ही यह कह चुके हैं कि भारत बुद्ध-महावीर-गांधी का देश है और इसकी विदेश नीति भी इनसे प्रेरणा लेकर ही तय होती रही है। बदलते वैश्विक सन्दर्भों के बावजूद भारत आपसी शान्ति, अहिंसा, युद्धमुक्त विश्व-संरचना व सह अस्तित्व पर ही विश्वास रखता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है।

निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है।

यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवीय नहीं रही।



अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है।

एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक ध्रुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है।

भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमरीका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है।

भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बर्बादी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। श्री मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वार्तालाप ही हो सकता है। श्री मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के सन्दर्भ में इस तथ्य को अमेरिका को ही सबसे पहले समझना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से क्या चीन की बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं पर असर पड़ेगा? क्योंकि रूस एवं चीन के बीच बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता समूची दुनिया के लिये एक चिन्ता का सबब है। भले ही अमरीका की ताकत को देखते हुए रूस ने चीन से निकटता बनाई हो, लेकिन भारत से उसकी दोस्ती इन सबसे ऊपर है। फिर भी चीन एवं पाकिस्तान भारत के दुश्मन ही रहे हैं। इन हालातों के बीच मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के भाग्य के लिए नये सूर्य का उदय कही जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की जितनी महत्वपूर्ण यात्रा रूस की रही, उतनी ही महत्वपूर्ण ऑस्ट्रिया की यात्रा भी रही। मोदी ने पाकिस्तान के साथ चीन को भी निशाने पर लेते हुए पुतिन से कहा कि चीन जहां पाकिस्तान के आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। अब मोदी की इन बातों का पुतिन पर क्या असर होगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

जहां तक रूस से मित्रता का सवाल है तो यह भारत का परखा हुआ सच्चा मित्र है और भारत यह दोस्ती कभी नहीं छोड़ सकता। पिछले दो दशकों में हमारे सम्बन्ध अमेरिका से भी मधुर हुए हैं परन्तु हमारी विदेश नीति पूरी तरह स्वतन्त्र है और दुनिया का कोई भी देश इसे प्रभावित नहीं कर सकता। भारत के द्विपक्षीय सम्बन्ध किस देश के साथ कैसे हैं यह केवल भारत ही तय करेगा। अमेरिका हमें रूस-यूक्रेन के बारे में क्या समझायेगा? भारत पर दुनिया का बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत शांति एवं अयुद्ध का हिमायती है। हम तो पहले ही यह कह चुके हैं कि भारत बुद्ध-महावीर-गांधी का देश है और इसकी विदेश नीति भी इनसे प्रेरणा लेकर ही तय होती रही है। बदलते वैश्विक सन्दर्भों के बावजूद भारत आपसी शान्ति, अहिंसा, युद्धमुक्त विश्व-संरचना व सह अस्तित्व पर ही विश्वास रखता है। दुनिया की महाशक्तियों द्वारा भारत को तवज्जो देने के पीछे जिन वजहों को देखा जा रहा है, उनमें व्यापारिक प्रगति के साथ शांति एवं अमन-चैन की दुनिया बनाना भी मुख्य है। निश्चित ही मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के लिये 'सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना' एवं 'परिवर्तनकारी क्षण' साबित होगा।

## संपादकीय

### एनडीए को झटका

देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंड़िया' गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को करारा झटका देते हुए 10 सीटें जीत लीं। भाजपा दो सीट ही जीत सकी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। पश्चिम बंगाल की चारग हिमाचल प्रदेश की तीनग उत्तराखंड़ की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट के लिए चुनाव हुआ था। इंड़िया गठबंधन में शामिल कांग्रेसग 'आप', टीएमसी और द्रमुक ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। नतीजों से इंड़िया गठबंधन के घटक दल गद्गद् हैं, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा कि लोगों ने भाजपा के अहंकारग



कुशासन और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है और नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का प्रमाण हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट करके इन नतीजों पर मतदाताओं का आभार जताया है। खास बात यह रही कि उत्तराखंड़, हिमाचल और पंजाब में जनता ने पाला बदलने वाले नेताओं को नकार दिया। उत्तराखंड़ की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीत लीं। सर्वाधिक चर्चा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ सीट की है, जहां कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रही। यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े राजेंद्र सिंह भंड़ारी कांग्रेस के सिटिंग विधायक थे लेकिन पाला बदल कर भाजपा में जा मिले। भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उन्हें पराजित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भी रोचक परिदृश्य उभरा है। देहरा सीट से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश जीतीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराया। प्रदेश में पहली बार होगा जब पति-पत्नी सदन में साथ होंगे। कांग्रेस के विधायक 40 हो गए हैंग जबकि भाजपा की 28 सीटें हैं। फरवरी में राज्य सभा चुनाव के वक्त विधायकों की बगावत से कांग्रेस की सरकार पर संकट के बादल मंड़राने लगे थेग जो टल गया है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को फिर झटका देते हुए अमरवाड़ा सीट जीत ली। पश्चिम बंगाल में दीदी का जलवा कायम है, और टीएमसी ने चारों सीटें जीत लीं। भाजपा से तीन सीटें छीनी हैं। बेशक, नतीजे भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं, जिनका उप्र में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव तथा हरियाणाग महाराष्ट्र और झारखंड़ के आसन्न असेंबली चुनाव पर निश्चित असर दिखेगा।

## चिंतन-मनन

### कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए।

अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था।

महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं- हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों को जन्म देती है।

वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

# आपातकाल विमर्श यानी गड़े मुर्दे उखाड़ना ?



तनवीर जाफ़री

केंद्र की एन डी ए सरकार ने प्रत्येक वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने सम्बन्धी अधिसूचना जारी की है। केंद्र सरकार की इस इस अधिसूचना के अनुसार 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था और भारत के लोगों पर ज़्यादतियां और अत्याचार किए लिहाज़ा हर साल 25 जून को देश उन लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के इमरजेंसी के अमानवीय दर्द को सहन किया था। केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फ़ैसले को पूरी तरह राजनैतिक, द्वेषपूर्ण व रक्षात्मक कहना ग़लत नहीं होगा। क्योंकि केवल इंदिरा गांधी ही नहीं बल्कि मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी व राहुल गाँधी जैसे कांग्रेस के सर्वोच्च नेता इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि देश में 1975 में आपातकाल लगाने का फ़ैसला एक ग़लती थी। 12 जून, 1975 को जब इंदिरा गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रायबरेली में हुए चुनाव के दौरान की गई गड़बड़ी का दोषी पाया और छह साल के लिए पद से बेदख़ल कर दिया था। इलाहबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गाँधी का चुनाव निरस्त करते हुये अगले 6 वर्षों तक उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी थी। उसके बाद ही जयप्रकाश नारायण द्वारा इंदिरा गाँधी के इस्तीफ़े की मांग को लेकर संपूर्ण क्रांति के नाम से राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ दिया गया था और देश भर में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। हालांकि 24 जून, 1975 को जब इलाहाबाद हाईकोर्ट का फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वहां भी इलाहबाद हाई कोर्ट के फ़ैसले को तो ज़रूर बरक़रार रखा गया परन्तु इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बने रहने की इजाज़त दे दी गई। उसके बावजूद अपना पद खोने के भय से इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर डाली। हालाँकि कहा यह जाता है कि पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रॉय ने उस समय आपातकाल की घोषणा के निर्णय में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और आपातकाल का निर्णय दरअसल रॉय का ही निर्णय था। रॉय के फ़ैसले पर ही इंदिरा गांधी ने हामी भरी और उन्हीं की सलाह पर उसे लागू भी किया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी अपनी एक किताब में भी लिख चुके हैं कि 'वास्तव में इंदिरा गांधी ने मुझे बाद में बताया कि उन्हें आपातकाल की घोषणा के लिए संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी भी नहीं थी'।


अब यदि हम आपातकाल से ठीक पहले यानी 1974-75 के दौर को याद करें तो वह रेल आंदोलन,चक्का जाम,तालाबंदी और राष्ट्र व्यापी धरने, प्रदर्शनों का दौर था। इसी दौरान 2 जनवरी 1975 को रेल मंत्री ललित नारायण मिश्रा की हत्या समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर उस समय कर दी गयी थी जब वे समस्तीपुर- दरभंगा ब्रॉड गेज रेलवे लाइन प्रारम्भ करने की घोषणा सम्बन्धी एक कार्यक्रम में वहां एक मंच पर मौजूद थे। यहां हुये एक शक्तिशाली बम विस्फ़ोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए बाद में अगले दिन दानापुर के रेलवे अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। कहा जाता है कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद देश की किसी सबसे बड़ी राजनैतिक हस्ती की यह दूसरी हत्या थी। इन्हीं विषम परिस्थितियों में 25 जून, 1975 को राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर डाली। आपातकाल के दौरान चुनाव स्थगित हो गए थे तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई थी। और हर छह महीने बाद 1977 तक आपातकाल की अवधि बढ़ाई जाती रही। प्रेस पर सेंसरशिप लग गयी थी। बाद में 18 जनवरी, 1977 को इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग करने और मार्च 77 में ही आम चुनाव कराये जाने की घोषणा करते हुये आपातकाल के दौर में जेलों में बंद किये गये सभी नेताओं को रिहा कर दिया। और 23 मार्च, 1977 को आपातकाल समाप्त करने की घोषणा कर दी गयी।

परन्तु सवाल तो यह है कि 50 वर्ष पूर्व के उस इतिहास को आज और इस समय खंगालने की ज़रुरत भाजपा को क्यों महसूस हुयी ? 2014 से सत्ता में रहते हुये पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फ़ैसला क्यों नहीं लिया? और एक सवाल यह भी कि यदि देश की जनता आपातकाल से इतना ही दुखी थी और इंदिरा गांधी की तानाशाही से वास्तव में तंग आ चुकी थी तो उसी देश की जनता ने मात्र ढाई वर्ष बाद 1979 में इंदिरा गाँधी को पुनः सत्ता क्यों सौंपी ? जिस दर्द को मुट्ठी भर भुक्तभोगी नेता शायद सिर्फ़ इसलिये याद कर रहे हैं कि 19 महीनों के मीसा काल में उन्हें जेलों में डाल दिया गया, कुछ पर अत्याचार किया गया,उनके निजी स्वतंत्र जीवन के ऐश ो आराम को भांग किया गया, उसी दर्द को देश की जनता ढाई वर्षों में ही कैसे भुला बैठी ? बल्कि 1977 में लोकसभा चुनाव में पराजित होने के केवल एक वर्ष में ही नवंबर, 1978 में इंदिरा इंदिरा गांधी ने चिकमंगलूर लोकसभा उपचुनाव में 77,333 मतों के अंतर से जीत कर अपनी लोकप्रियता का लोहा मनवाया ? तो जब देश की जनता ने कांग्रेस के ऊपर आपातकाल का मतलब संविधान की हत्या का लेबल नहीं चिपकाया तो भाजपा नेता आख़िर किस साज़िश के तहत सत्ता में आने के दस वर्षों बाद 50 वर्ष पुराने उस गड़े मुर्दे को उखाड़ रहे हैं जिसे देश भुला चुका है ?

दरअसल भाजपा इस समय विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ-देश बचाओ मुहिम से घबराया हुआ है। उसे यह एहसास हो चुका है कि देश की जनता ने कई भाजपा नेताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से बोले जा रहे संविधान विरोधी बयानों को गंभीरता से लिया है और ऐसे कई उम्मीदवारों को पराजित भी किया है। विपक्ष की संविधान बचाओ की इसी सफल मुहिम ने भाजपा को 2019 में हासिल 303 सीटों से घटाकर 240 तक पहुंचा दिया है। इसी चुनाव परिणाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में संसद में प्रवेश के पहले ही दिन संविधान को माथे से लगाने का प्रदर्शन करने पर मजबूर किया। आपातकाल का एक पक्ष यह भी कि उस दौरान देश के सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की समय पर हाज़िरी हो रही थी।

ट्रेनें बसें सब समयानुसार सुचारु रूप से संचालित हो रही थीं। आम जनता को इससे लाभ मिल रहा था। इन सबके बावजूद जब कांग्रेस के सभी आला नेताओं ने आपातकाल के अपने ही फ़ैसले को ग़लत स्वीकार कर लिया फिर इस बहस को तो बंद हो जाना चाहिये ? परन्तु अपने ऊपर लग चुके संविधान विरोधी होने के आरोपों से बचने के लिये भाजपा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फ़ैसला लेने सम्बन्धी अधिसूचना जारी कर व इस पर विमर्श कर केवल गड़े मुर्दे उखाड़ने की कोशिश कर रही है।

# मुद्दाः जनसंख्या समस्या और समाधान



डॉ. असद रजा



जुलाई 12 से 31 तक विश्व में विशेष रूप से हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें जनसंख्या को बढ़ने से रोकने के लिएजागरूकता रैलियां निकाली जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की समस्या के समाधान के बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों के बयान आए हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा भाजपा बिहार के राज्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए परंतु एनडीए के घटक दल जदयू के नेता इस बारे में कठोर कानून बनाने का समर्थन नहीं करते क्योंकि उन्हें दलित और मुस्लिम मतदाताओं के बिदकने का भय है।

वास्तव में जदयू और टीडीपी जैसे मोदी सरकार के घटक दलों को चिंता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का समर्थन करने से उनका मुस्लिम और दलित वोट खिसक सकता है। इसलिए ये दल परिवार नियोजन के लिए जन-जागरूकता पर बल देते हैं। कुछ अति धर्मभीरु और मजहबी लोग बच्चों को अल्लाह की देन समझते हैं। मानते हैं कि अन्न-भोजन देने की जिम्मेदारी अल्लाह ने ले रखी है। इसलिए जनसंख्या को रोकने के लिए कठोर कानून की जरूरत नहीं है परंतु यह तर्क नहीं, कुतर्क है। ऐसा होता तो अफ्रीका आदि क्षेत्रों में लोग भूख से क्यों मरते? निश्चय ही हमारा देश विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। हमने इस मैदान में चीन को भी पछाड़ दिया है, और आज एक अरब 45 लाख से अधिक आबादी का बोझ उठा रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण तथा अपराध में वृद्धि का एक प्रमुख कारण आबादी में भारी इजाफा भी है। देश में बढ़ती सांप्रदायिकता और घृणा का एक बड़ा कारण भी जनसंख्या में वृद्धि है। बहुसंख्यक हिन्दू आबादी मुसलमानों की बढ़ती आबादी को खतरा मानती है। उनमें से कुछ का यह भी मानना है कि भविष्य में भारत भी पाकिस्तान की भांति इस्लामी राष्ट्र बन सकता है। यद्यपि यह काल्पनिक भविष्याणी है क्योंकि देश में मुसलमानों में भी बच्चों की जन्म दर कम हुई है परंतु हिन्दुओं में यह दर अधिक कम हुई है। कई अदूरदर्शी मौलवी तथा मुस्लिम नेता भी जनसंख्या रोकने के लिए कड़े कानून का विरोध करके हिन्दुओं की आशंका को मजबूत करते हैं। भाजपा सहित संघ परिवार के सभी संगठन तथा उदारवादी मुसलमान जनसंख्या नियंत्रण कानून के पक्षधर हैं परंतु इस तथ्य की भी अवहेलना नहीं की जा सकती कि उच्च और मध्यम वर्ग के हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन के परिवार साधारणतया दो या तीन बच्चों तक सीमित होते हैं क्योंकि उन्हें अपने बालकों को उत्तम शिक्षा दिला कर सफल नागरिक बनाना होता हैग उन्हें पौष्टिक भोजन तथा साफ-सुथरा घर और वस्त्र उपलब्ध कराने होते हैं जबकि निम्न वर्ग के लोग चूंकि अशिक्षित या अर्धशिक्षित होते हैं, और उनके लिए मनोरंजन का एकमात्र साधन सैक्स होता है। अतः वे अधिक बच्चे पैदा करते हैं तथा उन्हें उनकी शिक्षा दीक्षा की चिंता नहीं होती अपितु वे अपने आठ दस वर्ष के बालक को किसी ढाबे पर काम पर लगा देते हैं, और बालक आतथक रूप से आत्मनिर्भर हो जाता है। चूंकि मुसलमान, दलित और आदिवासी ही अधिकतर गरीब और आतथक-सामाजिक रूप से पिछड़े होते हैं, इसलिए उनके ही अधिक बच्चे होते हैं। निस्संदेह मोदी सरकार को कठोर जनसंख्या कानून बनाना चाहिए परंतु कटु सत्य यह भी है कि संसद में ऐसा सख्त कानून पास कराना कठिन होगा क्योंकि मौजूदा संसद में भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। इसलिए कोई कानून पास कराने के लिए उसे सहयोगी दलों विशेष रूप से जदयू और टीडीपी का समर्थन लेना होगा परंतु दोनों दल मुस्लिम और दलित वोटर को श्ष्टि में रखते हुए कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून को शायद समर्थन न दें।

इसलिए इस कानून को भाजपा शासित प्रदेशों उत्तर प्रदेशग मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, उत्तराखंड, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि की विधानसभाओं में पास कराके सख्ती से लागू कराना होगा। प्रावधान करना होगा कि कानून लागू होने के बाद राशन कार्ड केवल चार व्यक्तियों यानी माताग पिता व दो बच्चों का ही बनेगा और दो बच्चों को जन्म देने के पश्चात पति या पत्नी में से किसी एक को नसबंदी करानी होगी अथवा लिखित में सरकार को आश्वासन देना होगा कि भविष्य में तीसरा बालक पैदा नहीं करेंगे। तीसरा बच्चा पैदा करने वाले माता-पिता को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं होगा। वैसे राजस्थान में कानून है कि दो से अधिक बच्चों वाले माता-पिता को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार को यह कानून तो बनाना ही चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रति दिन सुबह, दोपहर और रात्रि में दस सेकंड़ का परिवार नियोजन से संबंधित सरकार द्वारा तैयार किया हुआ विज्ञापन आवश्यक रूप से दिखाए तथा हर भाषा के दैनिक अखबार को परिवार नियोजन का विज्ञापन अनिवार्य रूप से प्रकाशित करना होगा।

## एक नजर

### 62 छात्रों के बीच बांटी गयी साइकिलें

**बरहेट** : प्रखंड परिसर स्थित कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को स्कूली छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया। प्रखंड क्षेत्र के आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बरहेट में 62 छात्रों को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भगन मुर्मू ने स्कूली छात्रों को साइकिल वितरण किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श कन्या उच्च विद्यालय में कुल 560 साइकिल वितरण किया जाना है, जिसमें से 62 छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। शेष 498 छात्रों को बारी बारी वितरण किया जाएगा। वहीं मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष शिवानंद शाह, उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, शिक्षक मणिलाल शाह ओमप्रकाश अकबर के अलावा अन्य मौजूद थे।

### बालू लदे ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर ट्रैक्टर व बाइक जब्त



**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय से महज तीन सौ फीट दुरी पर चौका पातकुम ,सड़क पर गोरांगकोचा में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर द्वारा बाइक को आमने-सामने ठोकर मार दिया, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गया एवं बाइट सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल भेजा व ट्रैक्टर को घेर कर थाना को सुचित किया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व ट्रैक्टर व बाइक को जप्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया। मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा निवासी केशव चन्द्र महतो अपनी पैशन प्रो बाइक से गम्हारीया से अपना घर जा रहा था, जहां गौरांगकोचा में अवैध बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गया व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आखिर बालू के खिलाफ लगातार कारवाई के बावजूद भी एनजीटी लागू रहने के बाद भी धड़ल्ले से बालू उत्खनन व परिवहन जारी है। अवैध बालू उत्खनन व परिवहन में संलिप्त वाहन चालक दो तीन ट्रीप करने के चक्कर में तेज चलने से इस तरह की घटनाएं हो रही है। आखिर बालू का अवैध कारोबारी प्रखंड व अंचल कार्यालय के पास से दिन रात दर्जनों ट्रैक्टरों से बालू का परिवहन कर रहे है। पदाधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए धड़ल्ले से बालू उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है।

### बरहरवा में भव्य रूप से रथ मेला का हुआ आयोजन



**बरहरवा**: सोमवार को बरहरवा प्रखंड के शुक्रवारशनि मंदिर परिसर में हमेशा की तरह रथ मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने आसपास के गांव के सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए थे। प्रखंड के मिर्जापुर शुक्रवारशनि मंदिर परिसर में रथ मेला का आयोजन किए जाने का परंपरा सदियों पुरानी है। शुक्रवारशनि के अलावे पिपरा गणेशपुर तथा मसलंद पुर गांव में भी रथ मेला का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित मेले में काफी संख्या में आसपास के गांव के लोगों की भीड़ एकत्रित हुई थी। रथ यात्रा के आयोजन में शुक्रवासशनी गांव के सुभाष मंडल, अधीर रविदास, अचिंत मंडल, श्याम मंडल, प्रकाश मंडल, पवन मंडल, आदि युवाओं ने सक्रिय सहयोग किया।

# राशन व पानी के लिए ग्रामीण करेंगे अनिश्चितकालीन सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



- गंगदा पंचायत के 8 गांवों के ग्रामीणों को एक वर्ष से नहीं मिला है राशन
- लंबे समय से खराब है चापाकल, शिकायत के बाद भी नहीं बनाया गया
- मुखिया राजू सांडिल 19 को ग्रामीणों के साथ करेंगे बैठक

**सरायकेला** : नक्सल प्रभावित सारंडा के गंगदा पंचायत के 8 गांव के ग्रामीण सलाई चौक के पास मनोहरपुर-बड़ाजामदा मुख्य सड़क अनिश्चितकालीन के लिए जाम करेंग। सड़क जाम में सलाई, दोदारी, दुईया, लेम्ब्रे, हिनुआ, कुम्बिया, चुर्गी एवं मम्मार के ग्रामीण शामिल रहेंगे। ग्रामीण सरकारी राशन व पेयजल समस्या को लेकर जाम करेंगे। बीते 6 से 12 महीनों से सरकारी राशन नहीं मिलने से नाराज उक्त गांवों के ग्रामीणों व महिलाओं ने 15 जुलाई को मुखिया राजू सांडिल से दुईया गांव में मुलाकात कर राशन डीलर प्रभु सहाय हेम्ब्रम की शिकायत की. सभी ने कहा कि राशन डीलर ग्रामीणों को मिलने वाला सरकारी राशन की कालाबाजारी कर रहा है। इसकी शिकायत बीडीओ व खाद्य आपूर्ति विभाग से कई बार मौखिक की गई। इसके बावजूद राशन नहीं मिल रहा है। सभी गांवों में वर्षों से पेयजल की समस्या है। सभी चापाकल खराब हैं, जिसे ठीक नहीं किया जा रहा है।


**ग्रामीण चंदा कर जाएंगे रांची सीएम आवास घेरने**

ग्रामीणों ने कहा कि अगर इन समस्याओं का समाधान अविलम्ब नहीं हुआ तो सभी आपस में चंदा कर रांची में मुख्यमंत्री आवास अथवा कार्यालय का घेराव करने जाने को बाध्य होंग। सभी ने अविलम्ब राशन डीलर को बदलने तथा बकाया राशन दिलाने की मांग की. ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष जून माह का राशन मिला, जबकि जुलाई, अगस्त, सितम्बर का नहीं मिला. फिर अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर माह का राशन मिला। इस वर्ष जनवरी एवं फरवरी माह का राशन नहीं मिला है। मार्च, अप्रैल, मई में राशन मिला तथा जून और जुलाई का नहीं मिला है। कुम्बिया, चुर्गी और मम्मार गांव के लोगों को लगभग 12-14 माह से राशन नहीं मिला है।

**सरकारी राशन में कर ली जाती है 2-4 किलो कटौती**

मुखिया राजू सांडिल ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि सारंडा जैसे अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को खाद्य आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी राशन डीलर से मिलकर उनके हक का सरकारी राशन गबन कर जा रहे हैं। यहां रोजगार, कृषि की कोई सुविधा नहीं है। सरकारी राशन ही ग्रामीणों के जीने का मुख्य आधार है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि ग्रामीणों को जब राशन मिलता भी है तो 2-4 किलो कटौती करके। एक माह का राशन देकर डीलर लाभुक के कार्ड पर 2-3 माह का राशन इन्ट्री कर देता है।

## बिरसा हरित ग्राम योजना से लाभुक हो रहे लाभान्वित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**उधवा** : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी योजना चल रहा है जिससे आज पूरे राज्य में किसान वर्ग और लाभुक लाभान्वित हो रहे है। इसी क्रम में प्रखंड उधवा के तहत भी पिछले कई वर्ष से कई लाभुक इस योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर रहे है,जिसके फलस्वरूप उनके जीवन में खुशहाली आई है। उधवा प्रखंड के मसना पंचायत में लाभुक सरजीत क्रिसजन ने बताया की वित्तीय वर्ष 2020 - 21 में अपनी जमीन में 1 एकड़ पर मनरेगा के तहत बागवानी योजना लिया था। आम के पेड़ के साथ साथ कटहल, नींबू आदि का भी पेड़ लगाया। पिछले 2 वर्ष से आम और अन्य फल की बिक्री कर अपनी आमदनी में वृद्धि किया है। इस योजना से लाभ प्राप्त कर मेरे आजीविका में मदद मिली। उन्होंने ये भी बताया कि बागवानी योजना के साथ साथ अन्तर खेती में गाजर, खीरा, टमाटर, मूली, साग, सब्जी भी लगाया था जिसे वो अपने घर पर प्रयोग किया। वही दूसरी ओर पंचायत सूतियारपरा में अंबर कुमार सिंहा ने भी आम बागवानी योजना का लाभ लिया। जिससे उन्होंने आम के साथ साथ इमारती पौधा भी लगाया, योजना के लाभ पा कर उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है,इस बार आम की बिक्री से आमदनी हुई जिससे आने वाले मौसम में अपनी बागवानी में अन्तर खेती करेंगे। वही बीपीओ गगन बापू ने बताया कि गत वर्ष के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी योजना का लाभ पा कर सभी बहुत खुश है।

## सिंचाई कूप का पैराफिट हल्की बारिश में ढह गया,जांच का विषय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा** : महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में हर दूसरे दिन नए नए घोटाले सामने आ रहे हैं। जहां जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में ऐसी एक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यह मामला बरहरवा प्रखंड के कालू पंचायत के सिरासीन गांव में बने सिंचाई कूप का है। यहां पर बना सिंचाई कूप का पैराफिट महज 2 साल में ढह गया। उधर कुप का निर्माण घटिया सामग्री से किया गया था जो इस साल की हुई हल्की बारिश से ही ध्वस्त हो गया। दरअसल बरहरवा प्रखंड के कालू पंचायत के सिरासीन गांव में मनरेगा योजना के तहत मुख्लेसुर रहमान के जमीन के दाग नं 05, जमाबंदी नं 127 पर सिंचाई कूप बनाया गया था। यह कूप हल्की बारिश भी नहीं झेल पाया और पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। सूत्र के मुताबिक सन 2020-21 में कुप निर्माण किया गया होगा। हालांकि योजना बोर्ड के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है। उधर इस सिंचाई कूप को 4 लाख 98 हजार रुपये की लागत से तैयार किया गया था। वही ग्रामीणों के अनुसार इस साल हुई हल्की बारिश में कूप का पैराफिट बर्बाद हो गया। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई थी। आगे ग्रामीणों ने बताया कि कार्य के दौरान कूप निर्माण में बंगला भाटा की 2 नंबर ईंटों का इस्तेमाल किया गया था इसके अलावा इसे बनाने के लिए रेत की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया गया था जिसके कारण कूप का पैराफिट हल्की बारिश भी झेल नहीं पाया। वही कुप की गहराई भी कम देखी जा रही है जहां कुप को गिलास नुमा आकार दिया गया है जिसे देखने से साफ प्रतीत होता है कि अभियंता एवं संवेदक द्वारा सरकारी पैसों का किस तरह बंदरबांट किया है। वहीं नाम न छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि जब कूप निर्माण किया जा रहा था तब भी अभियंता के द्वारा अनियमितता बरती गई थी।

## कुकडु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात एक दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दर्जन हाथीयों का झुंड क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों का डर से शाम होते ही लोग घरों में दुबक कर रात गुजारने को विवश है । लोग घरों में भी असुरक्षित हैं। वहीं दयापुर व झापागोड़ा गांव में बीती रात को हाथीयों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने तांडव मचाते हुए एक दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में सोए परिजन किसी तरह भागकर जान बचाया। झापागोंडा में जंगली हाथियों ने गुरूदेव महतो,डोमन महतो, सुबोध महतो, विकल महतो तथा दयापुर में तनु महतो,अरूण महतो, रामकृष्ण महतो,बोनु महतो,सविया गोप, निमाई गोप व सटीक महतो का घर को तोड़कर घर में रखे चावल आदि अनाजों को अपना निवाला बनाया। मालूम हो कि दो दिन पहले भी हाथीयों ने ओड़ीया गांव में एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। कुकड्डु क्षेत्र में इसके पहले भी कई लोगों को हाथीयों ने पटककर जान ले लिया है। लोग खेतों में भी काम करने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। लोगों को य सता रहा है कि कहीं खेत में काम करते वक्त झाड़ी , जंगलों से हाथी निकल कर खेतों में हाथी मानव संघर्ष न हो जाय ।भाजपा नेता सचिदानंद महतो ने बताया कि हाथियों द्वारा एक दर्जन घरों को तबाह कर दिया गया। कुछ गृहस्वामी तो बेघर हो गया,कुछ घरों का आंशिक क्षति हुई। उन्होंने कहा कि बंकारकुड़ी, तुलीनडीह व कुकड्डु जंगल में हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों क भय से लोग दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। घर में भी लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## विकास की पोल खोल रहा बरहरवा प्रखंड कार्यालय परिसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोटालपोखर** : टुटी नालियां व स्लैब प्रखंड कार्यालय क्षेत्र के विकास की पोल खोल रही हैं। जब प्रखंड कार्यालय परिसर का यह हाल है तो फिर पंचायत का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आप खुद ही लगा लीजिए। यह बताने की जरूरत नहीं है। नाला निर्माण के 6 महीने में ही नाले का यह हाल हुआ है। प्रखंड का मनरेगा योजना हो या 15 वें वित राशि की योजना की हो, कमोवेश सबका एक हाल है। क्योंकि कमीशन खोरी का खेल जो चल रहा है। इसकी मरम्मत के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अब तक व्यवस्था नहीं की। आम जनता का विकास कार्यों से अब मन उठने लगा है। इस नाले के निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाई गईं। कुछ ही दिनों पहले उपायुक्त के आने के डर से टूटे हुए स्लैब को बिना हटाए उसी पर गिट्टी डालकर लेपन कर दिया गया। इससे स्लैब तो मजबूत नहीं बनी, लेकिन ठेकेदार का मन जरूर भर गया। लगभग यही दशा क्षेत्र की हर पंचायत का है। पंचायत की मनरेगा योजना हो या 15 वें वित्त राशि योजना के निर्माण कार्यों में माननीयों के परिवार वाले या फिर उनके कारिदें ही करते आए हैं। ऐसे में अधिकारी भी भुगतान कराने में ही अपनी भलाई समझते हैं।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने बालक एवं बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : डॉ आशा लकड़ा, माननीय सदस्या, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षता ने आज अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास पोखरिया एवं आदिवासी कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज के प्रधानाचार्य सैयद रजा इमाम रिजवी ने माननीया सदस्य को बुके दे कर स्वागत किया। माननीया सदस्य द्वारा बालिका छात्रावास एवं बालक छात्रावास के कमरों का निरीक्षण एवं छात्राओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली एवं जल्द ही समस्याओं से निराकरण के लिए आश्वासन दी। माननीया सदस्य ने अपने संबोधन में अनुसूचित जनजाति आयोग कि जानकारी दी उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) एक संवैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है। अनुसूचित जनजातियों के लिए संवैधानिक और अन्य कानूनी सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जाँच एवं निगरानी करना तथा उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन करना। अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और सुरक्षा उपायों से वंचित किये जाने के संबंध में विशिष्ट शिकायतों की जाँच करना। अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया में भाग लेना और सलाह देना तथा केंद्र या राज्य के तहत उनके विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना। राष्ट्रपति को वार्षिक और ऐसे अन्य समय पर जैसा कि राष्ट्रपत उचित समझे, उन सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना। केंद्र या राज्य द्वारा उन सुरक्षा उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन और अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अन्य उपायों के लिए किये जाने वाले उपायों के संबंध में सिफारिशें करना। राष्ट्रपति द्वारा निर्दिष्ट किये जाने वाले अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण, विकास और उन्नति से संबंधित ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन करना। वहीं मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए मंजू रानी स्वांसी, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजयुमो के महाजुटान कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष



**कुकडू** : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड के कुकडु हाट मैदान में भाजपा युवा मोर्चा का युवा महा जुटान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री आकाश महतो ने किया। उपस्थित अतिथियों को मंच कि ओर से बुके व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार की विफलताओं और युवाओं के साथ की जा रही झारखंड सरकार की वादा खिलाफी को उजागर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद राय उपस्थित थे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के इतिहास में अब तक इतनी अराजकता और भ्रष्ट सरकार किसी ने नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में युवाओं से वादा खिलाफी, नियुक्ति घोटाले और जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक के चलते युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है और चुनाव में युवा वर्ग निश्चित रूप से सबक सिखाएंगे । बीते साढ़े चार साल की अनदेखी और उदासीनता से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया है। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को आगमी विधानसभा घेराव में जोरदार उपस्थिति दर्ज कराने का अपील किया। शशांक राज ने यह भी कहा, ₹साल में 5 लाख बेरोजगारों को नौकरी, 5-7 हजार बेरोजगारी भत्ता, तीन बीएचके फ्लैट और 3 लाख रुपये का आवास देने जैसे बड़े वादे सिर्फ वोट लेने का साधन बनकर रह गए हैं। इस झूठी, मक्कार और भ्रष्टाचारी सरकार से जब युवा सड़क पर उतरकर रोजगार की मांग करते हैं, तो दमनकारी नीति के तहत उनकी आवाज को गोली-बंदूक, लाठियों-डंडों और फर्जी मुकदमों के बल पर कुचलने की कोशिश की जाती है। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि कब समय आ गया है, विधानसभा चुनाव में इसका मुहतोड़ जबाब देने का । भाजपा नेता विनोद राय ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा के सैकड़ों विस्थापित परिवार आज भी मुआवजे से वंचित हैं, और पूरा क्षेत्र हाथियों के आतंक से परेशान है।

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा** : सोमवार को आदिवासी सेंगेल अभियान के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष उदय मुर्मू के नेतृत्व में पटमदा प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। पटमदा प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा गया।सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के आहवान पर राष्ट्रीय स्तर में भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन देते हुए पत्र के द्वारा मांग रखी गई। जिसमे सभी आदिवासी गांव-समाज में संविधान और जनतंत्र जल्द लागू करें। चूंकि आदिवासी स्वाशासन व्यवस्था के नाम पर चालू वंशानुगत नियुक्त माझी -परगना आदि इसको नहीं मानते हैं, राजतांत्रिक तानाशाही चलाते हैं। जबरन सामाजिक बहिष्कार, जुमार्ना, डायन प्रताड़ना, अंधविश्वास,नशापान, वोट खरीद-बिक्री , महिला विरोधी मानसिकता आदि जैसे असंवैधानिक कृत्यों को बढ़ावा देते हैं। अंततः आदिवासी गांव - समाज गुलामी का जीवन जीने को मजबूर है। सेंगेल का यह भी मांग है की अभिलंब राज्य सरकार, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन,सक्षम पदाधिकारी इसे लागू करने में सहयोग करें अन्यथा ये भी जिम्मेदार हैं। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिला सेंगेल परगना चुनाराम टुडू, पटमदा प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष उदय मुर्मू, केंद्रीय सेंगेल संयोजक बीमो मुर्मू, हेमलाल मुर्मू, संदीप मुर्मू, अनिल टुडू, चंद्राय टुडू, जितेन सोरेन, रवि सोरेन, मार्शल टुडू बाबूराम मारडी, सुनील मुर्मू बोडाम प्रखंड सेंगेल सचिव, बिनन्द टुडू, धर्मु किस्कू आदि उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किया हल्ला बोल




**पटमदा**: पटमदा प्रखंड में सोमवार को आजसू पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए बेलटांड से प्रखंड मुख्यालय तक एक जन आक्रोश हल्ला बोल कार्यक्रम पुर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस की उपस्थित में किया गया ।इस दौरान राज्य सरकार में फैली भ्रष्ट शासन व्यस्था को उजागर करते हुए ।इस राज्य सरकार को सुधरने की चेतावनी दी गई ।इस दौरान जनता से जुड़ी कई मांगों को मांगों को मांग पत्र में लिखकर सौपा गया ।कार्यक्रम में आजसू पार्टी के नेता आदित्य महतो,रामकृष्ण महतो,श्रीमंत मिश्रा,मृत्युंजय सिंह,रमानाथ महतो,मानिक महतो,परमेश्वर महतो,भक्त रंजन कुंभकार, अनंत मिश्रा सहित दर्जनों महिला और पुरुष कार्यकर्ता युवा शामिल हुए।

### कोयला माफिया प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर आधी रात को ले जाता है कोयला



**बरहरवा**: प्रखंड बरहरवा अंतर्गत कोटलपोखर थाना क्षेत्र गुमानी में इन दिनों अवैध कोयले के काला कारोबार रात के अंधेरे में प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर जूहीबोना हस्तीपाड़ा आगलोई गुमानी दिलाल पुर होके ले जाया जाता है। चोरी का कोयला पश्चिम बंगाल जबकि कई बार मामला अखबारों में प्रकाशित किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी जिला प्रशासन के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई होते नहीं दिख रहा है और ना ही कोयला माफिया मे कोई खौफ है, जबकि अगर कोई पत्रकार इन अवैध कोयले के कारोबार को अपने कमरे में कैद करने के लिए जाने से झूठा मुकदमा करने का करते हैं साजिश, साथ ही साथ कोयला माफिया यह भी कहता है कि नीचे से ऊपर तक सभी विभाग को मैनेज कर चला रहे हैं। कोयला का कारोबार और इस तरह से लाखों का सरकार को राजस्व हानि होता दिखाई दे रहा है अब देखना यह है कि प्रशासन अवैध कोयले के कारोबार पर रोक लगाकर कार्रवाई करेंगे या इसी तरह से चलते रहेगा अवैध कोयला के कारोबार।

# मांझी बोले–अनंत–राधिका की शादी में लोग फूहड़ ड्रेस में थे



**पटना।** 12 जुलाई को भारत के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी हुई। इस शादी में बॉलीवुड, हॉलीवुड से लेकर राजनीति की बड़ी-बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। शादी के दूसरे दिन 13 जुलाई को हुए आशीर्वाद समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। शादी में बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव भी परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं प्रदेश के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने इस शादी में शामिल नहीं होने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि इस शादी में फूहड़ प्रदर्शन हुआ है। फूहड़ कपड़ों के कारण शादी में शामिल लोगों के अंग दिख रहे थे। हमारा परिवार ऐसी जगह नहीं जा सकता था। हम एडजस्ट नहीं कर सकते थे। रविवार को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जहानाबाद में कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से जहानाबाद में पत्रकारों ने सवाल किया कि आप मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में क्यों नहीं गए क्या आपको निमंत्रण मिला था या फिर निमंत्रण ही नहीं मिला इसका जवाब देते हुए मांझी ने कहा कि अंबानी के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए हमें निमंत्रण मिला था। हम लोग छोटे तबके से हैं। जिस संस्कृति में वहां पर स्वागत हुआ और बारात निकली, उसको हम लोग कहते हैं कि फुहड़ ड्रेस में सभी लोग थे। सभी अंग दिख रहा था। ऐसी स्थिति में अपनी बेटी और बहू को वहां पर नहीं ले जा सकते थे। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जिस तरह के सूट और पैंट पहन के लोग वहां जाते हैं। कमर हिलाते हैं, वैसा हम नहीं कर पाएंगे। यही वजह है कि अलग से उन्हें शुभकामनाएं भेज दी है। जाना उचित नहीं समझे। क्योंकि, वहां पर अमीरी का जो प्रदर्शन है, उसमें मेरा परिवार एडजस्ट नहीं कर पाएगा। देश की चर्चित और महंगी शादियों में शुमार अनंत अंबानी की शादी में राजनीतिक, सामाजिक, फिल्म और क्रिकेट जगत के साथ-साथ देश के कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई थीं। बिहार से लालू यादव की पूरी फैमिली शादी में शामिल हुई थी। इसके अलावा चिराग पासवान भी अपनी मां के साथ शादी में पहुंचे। रविवार को मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका की वेडिंग रिसेप्शन पार्टी हुई।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में 2 बच्चों के शव मिले परिजन बोले हत्या हुई



**पटना।** के गर्दनीबाग इलाके में सोमवार सुबह 11 और 12 साल के 2 बच्चों का शव मिला है। दोनों पड़ोसी थे। परिजनों ने बताया कि बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे, शरीर पर चोट के निशान थे। 12 साल के विवेक के पिता विनोद कुमार का आरोप है कि बच्चों की आंखें फोड़ी गई है। जीभ और सीने में चाकू मारा गया है। रस्सी से दोनों के हाथ बंधे थे। पिता का ये भी आरोप है कि कई दिनों से ग्रीन सिटी प्रोजेक्ट का काम रुका हुआ था। उसे शुरू करने के लिए बच्चों की बलि दी गई है। ग्रीन सिटी में बच्चों की हत्या कर के शवों को यहां फेंका गया है। इधर पुलिस इसे डूबने से मौत बता रही है। सिटी एसपी पश्चिम अभिनव धीमान ने कहा कि 3 बच्चे रविवार को इस इलाके में खेलने आए थे। एक घर लौट गया, दोनों इधर ही खेलते रहे। इलाके के सीसीटीवी में बच्चे रविवार दोपहर करीब 2 बजे जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। शुरूआती जांच में लगता है कि बच्चों की डूबने से मौत हुई है। शव पर कपड़े नहीं थे, वो पानी से भरे गड्ढे के पास पड़े थे। पुलिस हाथ बंधे होने की बात से फिलहाल इनकार कर रही है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम जांच के बाद ही मौत की सही वजह पता चल पाएगी। इधर, गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने पटना के बेऊर स्थित 70 फीट सड़क के पास करीब साढ़े 4 घंटे तक सड़क जाम रखा। आगजनी की, ग्रीन सिटी के गेट पर हल्की तोड़फोड़ भी हुई है। जिन बच्चों के शव मिले हैं, वे गर्दनीबाग थाना क्षेत्र सरिस्ताबाद मोहल्ले के रहने वाले थे। एक बच्चे का नाम विवेक (12) है। जबकि, दूसरे का नाम प्रत्यूष (11) है। प्रत्यूष घर का इकलौता था। विवेक चौथी में पढ़ता था। जबकि, प्रत्यूष 6वीं में पढ़ता था। परिवार ने देर रात ही बच्चों के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी। परिवार का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। बच्चों की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने करीब साढ़े चार घंटे सड़क जाम रखा। शव को भी परिजन अपने साथ रखे हुए थे। पुलिस-प्रशासन के समझाने के बाद लोगों ने प्रदर्शन बंद किया है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। दो बच्चों का शव मिलने के बाद से आक्रोशित परिजन करीब 4 घंटे से भी ज्यादा समय से रोड जाम किए हुए हैं। आक्रोशित परिजनों ने ग्रीन सिटी प्रोजेक्ट के मेन गेट पर तोड़फोड़ की है। बड़ी संख्या में भीड़ बन रहे अपार्टमेंट के पास जुटी हुई है। बच्चों का शव मिलने के बाद से लोगों ने सड़क जाम कर रखा है। SDM श्रीकांत कुण्डलिक, City SP सेंट्रल चंद्र प्रकाश भी मौके पर पहुंचे हैं। ASP विक्रम सियाग भी मौके पर पहुंचे हैं। दो घंटे से सड़क जाम है। परिजन आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने ग्रीन सिटी प्रोजेक्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे को जब्त किया है। एक गार्ड को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ चल रही है। पटना के गर्दनीबाग इलाके में सोमवार सुबह दो बच्चों के शव मिले हैं। दोनों की उम्र 11 और 12 साल है। दोनों पड़ोसी थे। दोनों बच्चे के हाथ-पैर बंधे थे, शरीर पर चोट के निशान थे। सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में दोनों के शव पड़े थे। मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों की नजर शवों पर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## पति की मौत 2 घंटे बाद पत्नी की गई जान



**समस्तीपुर।** में सोमवार की सुबह पति की मौत के ठीक दो घंटे बाद पत्नी की भी मौत हो गई। जैसे ही यह खबर गांव में फैली मृतकों के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन और ग्रामीण उन्हें भाग्यशाली दंपती कह अंतिम संस्कार में जुट गए हैं। सुबह से ही उनके घर पर बैंड बाजा बज रहा है। लोगों का कहना है कि दंपती के बीच अटूट प्रेम था और दोनों ने साथ जीने और मरने की कसम को पूरा किया। मोहिउद्दीन नगर के अंदौर गांव में हुई इस घटना के बाद दंपती को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। आज शाम पूरे धूम-धाम से दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। दरअसल, किसान परमानंद प्रसाद (75) काफी दिन से बीमार थे। उनकी पत्नी सुशीला देवी (70) दिन-रात उनकी सेवा करती थीं। सोमवार की सुबह करीब 4 बजे परमानंद प्रसाद का निधन हो गया। इसकी सूचना के बाद घर पर पहुंचे परिजन और ग्रामीण उनके अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। इसी दौरान परमानंद की पत्नी सुशीला देवी अचानक बेहोश हो गई। करीब 6 बजे उनकी भी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि वह पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई। इस उम्र में भी वह अपने पति की देखरेख, दवा, उन्हें स्नान कराना आदि सब काम समय पर करतीं थीं। इस सूचना के बाद आसपास के ग्रामीण भी बुजुर्ग दंपती को देखने के लिए उनके घर पर जुट रहे हैं। बुजुर्ग दंपती की एक साथ मौत को लोग शुभ बता रहे हैं। उनकी इकलौती संतान शिक्षक शंभू कुमार द्वारा गाजे-बाजे के साथ उनकी अंतिम विदाई की तैयारी की जा रही है।

## पड़ोसी ने की बाप-बेटे पर 5 राउंड फायरिंग एक की मौत



**सीवान।** में जमीन विवाद में फायरिंग की गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। रिश्ते में दोनों पिता-पुत्र है। घायल पिता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इस मामले में फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस आरोपी के भाई और परिजन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना सीवान के दरौली थाना क्षेत्र के कनैला गांव की है। मृतक की पहचान मखदूम सराय थाना क्षेत्र के केजीएन कॉलोनी निवासी संटू आलम (24) है। वहीं, घायल पिता ओसिहर अंसारी (45) हैं। ओसिहर अंसारी का कनैला गांव में नानी का घर है। यहां ओसिहर की कुछ जमीन है। इस जमीन को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। उसी विवाद के सिलसिले में आज संटू आलम और ओसिहर कनैला गांव गए थे। इसी दौरान पड़ोसी ने उनपर फायरिंग कर दी। घायल ओसिहर अंसारी ने बताया कि मैंने अपना खेत बटाई पर दिया है। मेरे पड़ोसी बटाईदार को खेत जोतने नहीं दे रहे थे। इसको लेकर मैं बातचीत करने आया था। मैंने उनसे कहा कि जब यह जमीन मेरी है तो आप इसे खेत जोतने से क्यों रोक रहे हैं तभी सामने से मनोव्वर अंसारी उर्फ गोलू अंसारी बंदूक लेकर आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। कुल पांच राउंड फायरिंग की। पड़ोसी इरफान अंसारी ने बताया कि संटू और उनके पिता के ऊपर गोली चला दी है। गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। जांच में विवाद का पता चला। तसौर उर्फ गोलू अंसारी ने संटू अंसारी और ओसियर अंसारी पर गोली चलाई है।

## पूर्णिया में शराबी पति ने की पत्नी की हत्या



**पूर्णिया।** में शराबी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मृतका का शव संदिग्ध हालत में उसके ससुराल के कमरे में पड़ा हुआ मिला। हत्या से पहले उसकी खूब पिटाई की। फिर गला दबाकर मार डाला। 5 साल पहले ही दोनों की शादी हुई थी, जिससे दो बच्चे भी हैं। वारदात के बाद शराबी पति, सास और ससुर फरार है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। घटना भवानीपुर के महत्मा चाप गांव की है। मृतका की पहचान भवानीपुर थाना के महत्मा चाप गांव निवासी इंद्रजीत मंडल (30) की पत्नी रंजू देवी (25) है। घटना के संबंध में मृतका के पिता हिरण मंडल ने बताया कि पति शराब के नशे में अक्सर उनकी बेटी को मारता पीटता था। कल रात भी वो शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर पत्नी से बहस हो गई। जो मारपीट में बदल गई। मारपीट से भी आरोपी का मन नहीं भरा तो उसने नशे की हालत में पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। देर रात बेटी के मायके से उसकी सास का कॉल आया और पेट दर्द से मौत की बात बताई गई। सुबह जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो पति, सास और ससुर सभी घर छोड़कर फरार थे। जब वे कमरे में गए तो बेटी की लाश पड़ी थी। बच्चे बिलख रहे थे। गले में काला निशान था। शरीर पर कई जगह ताजे जख्म के निशान थे। बच्चों ने बताया कि पिता ने रविवार की रात मम्मी से मारपीट की थी। इसी के बाद पिता ने गला दबाकर मां की हत्या कर दी। वारदात के बाद से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस में शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम में जुट गई है।

## भागलपुर में दरवाजे पर गाड़ी लगाने को लेकर हुआ था विवाद बिना दुल्हन लौटी बारात



**भागलपुर।** में शादी के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। इस घटना में दूल्हे के मौसा की सिर में गोली लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। फायरिंग दुल्हन के फुफेरे भाई ने की और कट्टा लहराते मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद विवाह कार्यक्रम रोक दिया गया। इसके साथ ही बिना दुल्हन बारात लौट गई। मामला नवगछिया के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, इस्माइलपुर प्रखंड के शिव मंदिर टोला में रविवार की रात शादी समारोह का आयोजन था। दरवाजा लगाते समय दुल्हन के फुफेरे भाई ने कहा कि गाड़ी दरवाजे तक लाएं। लेकिन दूल्हे के मौसा ने कहा बिजली का पोल है। इससे गाड़ी वहां तक नहीं जा सकेगी। इससे नाराज शराब के नशे में धुत आरोपी साजन ने 2 बार हवाई फायरिंग की। इसे रोकने के लिए जब दूल्हे के मौसा मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनके सिर में गोली मार दी। दरअसल, अर्जुन मंडल की बेटी पिंकी कुमारी की शादी 14 जुलाई की रात होनी थी। भागलपुर के पीरपैंती के मोहनपुर निवासी दीपक कुमार से शादी होनी थी। बारात पंडाल तक पहुंची, लेकिन दूल्हे की गाड़ी दरवाजा तक नहीं पहुंची। दुल्हन की मां गुंजन देवी ने कहा कि हम लोग शादी की विधि विधान कर रहे थे। इसी दौरान लोग इधर-उधर दौड़ने लगे।

## गांव-पंचायतों में जनसंवाद अभियान चलाएगी भाकपा माले



**समस्तीपुर।** में भाकपा माले जिला कमेटी का दो दिवसीय बैठक का आज अंतिम दिन था। सोमवार को विभूतिपुर के पतैलिया पुस्तकालय पर संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलिट ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि भाजपा के दमनकारी, महंगाई एवं बेरोजगारी वाली अडानी- अंबानी की सरकार से जनता मुक्ति चाहती है। मोदी सरकार वाजिब हकों को नकार रही है। राज्य को विशेष राज्य का दर्जा मिलना देश के विकास के लिए जरूरी है। अगर सरकार इस बार नकारती है, तो विधानसभा चुनाव में भाजपा-जदयू को भारी फजीहत झेलनी होगी। माले केंद्रीय कमेटी सदस्य मंजू प्रकाश ने कहा कि दक्षिण बिहार की तरह भाकपा माले का तेवर वाला आंदोलन उत्तर बिहार में भी तेज होगा। दलितों-गरीबों का व्यापक और विराट आंदोलन खड़ा किया जाएगा। राज्य सरकार घोषणानुसार सभी गरीबों को 2 लाख रुपए और 5 डिसमिल जमीन देना होगा। विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं में जारी लूट-भ्रष्टाचार, गिरती कानून-व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

## पुलिस गाड़ी के सामने महिला ने बनाई रील वीडियो



**सहरसा।** में एक महिला का बीच सड़क पर पुलिस वाहन को रोककर रील बनाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला भोजपुरी गाने पर डांस करती नजर आ रही है। इस दौरान सड़क पर महिला के पीछे नवहट्टा थाने की गाड़ी भी दिख रही है। महिला के रील बनाने के कारण पुलिस की गाड़ी रुक जाती है। वहीं, रील बनाने वाली महिला का एक और वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह लोगों से आग्रह करती है कि उनका वीडियो देखने वाले सभी लोग सहरसा के तो रहने वाले नहीं होंगे, सब अलग-अलग जगह के रहने वाले हैं, इसलिए मुझे ज्यादा से ज्यादा फेमस कर दीजिए। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो एक सप्ताह पुराना है। इसे लेकर नवहट्टा थाना के थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने बताया कि वीडियो एक सप्ताह पहले का है। थानाध्यक्ष ने पुलिस गाड़ी को रोक कर रील बनाने की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही बताया है कि वरीय अधिकारी अपने काम से जा रहे थे, उसी समय महिला को रील बनाते हुए देखा गया।

## 26 जिलों में बारिश का अलर्ट




**बिहार।** में मानसून एक्टिव है और झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के दौरान पटना समेत उत्तर और दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। वहीं, मुजफ्फरपुर के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। कटरा प्रखंड में बागमती और लखनदेई नदी ने शनिवार को विकराल रूप धारण कर लिया। बाढ़ के पानी से बकुची, पतारी, अंदामा, बसघट्टा, नवादा, गंगिया गांव के करीब 50 हजार से ऊपर की आबादी घिर गई है। इधर मुंगेर में बारिश के बाद दियारा क्षेत्र के निचले इलाके में गंगा का पानी भर गया है। गंगा के पानी में इलाके के बच्चे पेड़ से झूल कर कूद रहे हैं, स्टंट कर रहे हैं। जबकि प्रशासन की ओर से लगातार लोगों को सावधान रहने को कहा जा रहा है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में मानसून सामान्य रहेगा। लेकिन, 15 से 18 जुलाई तक कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। इस स्थिति में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इससे लोग उमस भरी गर्मी महसूस करेंगे। नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तर बिहार की नदियां उफान पर हैं। घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी खतरे के निशान से ऊपर हैं। वहीं, पूर्णिया के संथाल टोली पहाड़िया में बाढ़ का पानी घुस गया है। गांव के 500 महादलित परिवार पानी के बीच रहने को मजबूर हैं। वहीं, गांव से बाहर निकलने के लिए नाव की सुविधा न होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। 24 घंटे में गंगा का जलस्तर पटना के दीघा घाट पर 14 सेमी और गांधी घाट पर 14 सेमी बढ़ा है। दीघा घाट पर खतरे का निशान 50.45 मीटर पर है। यहां गंगा का जलस्तर 48.13 मीटर है, जो लगातार बढ़ रहा है। वहीं, गांधी घाट पर लाल निशान 48.60 मीटर है, जबकि गंगा 47.55 मीटर पर बह रहा है। राजधानी पटना में सोमवार को बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। पटना में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना नहीं है। लोगों को उमस भरी गर्मी महसूस होगा। नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि से बगहा के निचले इलाकों में पानी भर गया है। खासकर इस बाढ़ के कारण सिसही और चिउरही पंचायत के नैनहा, गदीयानी टोला, बीरता, मदरहवा, सिसई, चीउरही आदि गांवों की तकरीबन 5 हजार आबादी पूरी तरह से प्रभावित है। लोग ऊंची जगहों पर मचान बनाकर रह रहे हैं।



# घर की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ऐसे सजाएं खिड़कियां

**घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम सभी चीजों की सजावट करते हैं लेकिन कई लोग खिड़की पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। खिड़कियां की साफ- सफाई के साथ इसकी सजावट करना भी काफी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप भी खिड़कियां की सजावट करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इसकी सजावट कैसे कर सकती हैं।**

खिड़कियां की सजावट करने से पहले आपको उसे अच्छे तरीके से साफ करना होगा। अगर आप अपने खिड़कियों की सजावट सही तरीके से करना चाहती हैं तो आपको खिड़की पर लगी धूल को साफ करना होगा। धूल निकालने के बाद आप इसे अच्छे तरीके से सजा सकती हैं।

## स्टफ टॉयज का करें इस्तेमाल

अपनी खिड़की को सजाने के लिए आप चाहे तो स्टफ टॉयज का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके खिड़की पर जगह है तो आपको उस पर स्टफ टॉयज रखना होगा। स्टफ टॉयज देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है।

## पौधे से करें सजावट

खिड़कियां अगर बड़ी है तो आपको अपने घर की खिड़कियों को सजाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। इसकी मदद से आप अपने घर के खिड़कियों की मिनटों में सजावट कर सकती हैं। यह काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा।

## कर्टेन सही चुनें

कर्टेन आपके घर की खिड़कियों की रौनक को बढ़ा सकता है। ऐसे में आपको अपने घर के खिड़कियों की सजावट करने के लिए लाइट कलर के कर्टेन लगाने होगे। इसकी मदद से आप आसानी से अपने घर के खिड़कियों को सजा सकती हैं।





# बरसात के मौसम में घर के फर्नीचर को सेफ रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**बारिश का मौसम अपने साथ तरह-तरह की परेशानियां लेकर ही आता है। रोड पर जलजमाव के कारण कहीं आने-जाने में दिक्कत से लेकर घर की साफ-सफाई तक हर कुछ में इस दौरान समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसा ही एक दिक्कत घर में मौजूद फर्नीचर के साथ भी होता है। दरअसल, बरसात के दिनों में लकड़ी के फर्नीचर में भी नमी आ जाती है। यही नहीं, इसके कारण सड़न और दीमक लगने की भी संभावनाएं काफी बढ़ जाती है, लेकिन आपको अब ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आज एक्सपर्ट के बताए कुछ आसान से टिप्स बताने वाले हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने काम को आसान बना सकते हैं।**

## फर्नीचर को ढक कर रखें

अगर यह खिड़की या बालकनी के पास रखी है तो आप अपने फर्नीचर ढक कर रख सकते हैं। इसके लिए प्लास्टिक शीट या वाटरप्रूफ कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने से आप अपने फर्नीचर को पानी और नमी से बचा सकते हैं। इसके अलावा, सोफों और कुर्सियों को फैब्रिक कवर से भी आप ढक सकते हैं।



## अपने फर्नीचर को धूप में सुखाएं

फर्नीचर में नमी को बनने से रोकने के लिए संभव हो तो इसे धूप में जरूर सुखाएं। इससे पानी का असर फर्नीचर पर नहीं होगा और न ही इसमें दीमक आदि लगने की स्थिति बन पाएगी।

## लकड़ी के फर्नीचर को पेंट या पॉलिश करें

पानी और नमी से फर्नीचर को बचाने के लिए आप एक सुरक्षात्मक परत बना सकते हैं। इससे फर्नीचर की चमक बरकरार रहेगी ही। साथ ही, बरसात में ये खराब होने से भी बच सकते हैं।

## फर्नीचर को दीवारों से दूर रखें

नम दीवारों से फर्नीचर में नमी आ सकती है। ऐसे में फर्नीचर और दीवारों के बीच थोड़ा गैप रखना जरूरी है। इसके अलावा, नमी के स्तर को कम करने और लकड़ी के फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए कमरे में डीह्यूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं।

## रबर पैड का करें इस्तेमाल

गंदे और गीले फर्श के साथ सीधे संपर्क में आने से फर्नीचर पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में आप अपने फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए पैरों के नीचे रबर पैड लगा सकते हैं।

## फर्नीचर को कैसे रखें साफ?

- धूल और गंदगी को जमा होने से रोकने के लिए अपने फर्नीचर को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- इसपर कवर, कोस्टर या पैड को बिछाकर रखें।
- अपने फर्नीचर को सीधे धूप से बचाएं।
- लकड़ी के फर्नीचर को महीने में एक बार घरेलू तरीके से जरूर पॉलिश करें।
- कपड़े के फर्नीचर को वैक्यूम क्लीनर से साफ करते रहें।

# बिना खर्च किए इस तरीके से बनाएं फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे

महंगे फर्नीचर की खास केयर की जरूरत होती है। इसके लिए बाजार में आपको यूं तो कई सारे प्रोडक्ट मिल जाएंगे। पर, आप चाहें तो केमिकल मुक्त घर पर ही क्लीनिंग स्प्रे तैयार कर सकती हैं।

## फर्नीचर क्लीनर स्प्रे बनाने की सामग्री

1 कप सफेद सिरका, 2 कप पानी
2 चम्मच नींबू का रस
1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल, स्प्रे बोतल

## घर पर फर्नीचर क्लीनर कैसे बनाएं?

- फर्नीचर क्लीनर तैयार करने के लिए सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में सफेद सिरका और पानी डालें। आप चाहें तो सिरके की जगह नींबू का रस भी डाल सकती हैं।
- अब इसमें 1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल डालें। यह आपके फर्नीचर पर पॉलिश का काम करेगा।
- इसके बाद, बोतल को अच्छी तरह हिलाएं।
- बस लीजिए, आपका फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे तैयार है।
- फर्नीचर क्लीनर का कैसे करें इस्तेमाल?
- स्प्रे बोतल को अच्छी तरह से हिलाकर मिक्स कर लें।
- इसके बाद, एक मुलायम कपड़े को इस स्प्रे से गीला करें।
- फर्नीचर की सतह को अच्छी तरह पोंछ लें।
- अगर दाग एक बार में न मिटे, तो इसे फिर से दोहराएं।
- आप इस स्प्रे को लकड़ी, प्लास्टिक, धातु और कांच सहित विभिन्न प्रकार के फर्नीचर पर उपयोग कर सकते हैं।

## फर्नीचर स्प्रे बनाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आप एक स्ट्रॉन्ग क्लीनर चाहते हैं, तो आप सिरके की मात्रा को 1/2 कप तक बढ़ा सकते हैं।
- स्प्रे को सुगंधित बनाने के लिए आप नींबू का रस या चंदन के तेल की मात्रा को 20 बूंद तक डाल सकते हैं।
- यदि आप एक चमकदार फिनिशिंग चाहते हैं, तो ऑलिव ऑयल की मात्रा को भी 2 बड़े चम्मच तक बढ़ा सकते हैं।
- बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर रखें।





# इन्वर्टर की बैटरी खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान वर्षों तक नहीं होगी खराब

अगर आप भी घर के लिए इन्वर्टर की बैटरी खरीदने जा रहे हैं तो उससे पहले इन बातों का ज़रूर ध्यान रखें।
दिन या रात में जब बिजली जाती है तो सबसे पहले ध्यान इन्वर्टर की तरफ जाता है। अगर इन्वर्टर ठीक है तो कई बात नहीं, लेकिन इन्वर्टर की बैटरी डाउन या ख़राब होती है तो अंधेरे में रहना पड़ता है। इसलिए इन्वर्टर की बैटरी सही खरीदना चाहिए। अगर आप भी इन्वर्टर के लिए बैटरी खरीदने जा रहे हैं और यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इन्वर्टर के लिए बैटरी कैसी होना चाहिए।

## बैटरी लेने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

- इन्वर्टर के लिए बैटरी लेना कोइबदी बात नहीं है, लेकिन बैटरी लेने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान देने की ज़रूरत है।
- सबसे पहले आपको यह तय करना है कि आपको कितने घंटे के लिए बैकअप चाहिए।
- आपके घर में लाइट कितनी बार जाती है और कितने देर के लिए जाती है। इसका पूरा अनुमान सेट करके आप आसानी से अच्छी बैटरी खरीद सकते हैं।
- जैसे-पूरे 24 घंटे में लगभग 3 घंटे के लिए बिजली जाती है उसके हिसाब से आप 75-80Ah (एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।
- अगर इससे कम या इससे अधिक समय के लिए बिजली जाती है तो आप समय के अनुसार एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।

## अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें?

मार्केट में मौजूद इन्वर्टर बैटरियों में अच्छी बैटरी कैसे पहचाने ये बड़ा ही सवाल होता है। अगर आप भी इस सवाल में उलझे हुए कि अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें तो फिर आपको कुछ टिप्स को फ़ॉलो करें की ज़रूरत है। जैसे-

- आपको बता दें कि मार्केट में लगभग 3 तरह की बैटरी सबसे अधिक चलती है। फ़्लैट बैटरी, नॉर्मल बैटरी और ट्यूबलर बैटरी अधिक चलती है।
- कई लोगों का मानना है कि ये तीनों बैटरी ही अपने स्थान पर है, लेकिन लॉन्ग लाइफ के लिए ट्यूबलर बैटरी अच्छी मानी जाती है। ट्यूबलर बैटरी अधिक समय तक चलती और कम समय में चार्ज भी हो जाती है। इसलिए आप आपने घर के लिए ट्यूबलर बैटरी खरीद सकते हैं।

## फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी कैसी होती है?

यह तो आपको मालूम हो चुका होगा कि इन तीनों बैटरी में से ट्यूबलर बैटरी अच्छी होती है, लेकिन कई लोग फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल भी खरीद लेते हैं। ऐसे में इन दोनों बैटरी के बारे में आप भी जन लीजिए। कहा जाता है कि फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी में कई बार हीटिंग की समस्या होती है जिसके कारण वो जल्दी ख़राब भी हो जाती है। फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी अधिक समय तक नहीं चलती हैं और कई बार जल्दी ख़राब भी हो जाती हैं। इन दोनों बैटरी के साथ बैकअप की भी समस्या रहती हैं।

## इन्वर्टर बैटरी की वारंटी और सर्विस चेक करें

इन्वर्टर बैटरी सेलेक्ट करने के बाद बैटरी की वारंटी देखना बहुत ज़रूरी होता है। कई बैटरी की वारंटी 1 साल या फिर 2 तक तक ही होती है, लेकिन अगर आप घर के लिए बैटरी खरीद रहे हैं तो कम से कम 5-7 साल तक की वारंटी वाली ही बैटरी खरीदें। इसके वाला सर्विस के बारे में भी चेक करना बहुत ज़रूरी है। जी हां, वारंटी के साथ सर्विस के बारे में भी ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है। अगर बैटरी किसी वजह से ख़राब होती है और कंपनी फ्री मेंटेनेंस करती है। इसलिए इन्वर्टर के लिए बैटरी लेते समय वारंटी और सर्विस ज़रूर चेक करें।

**बच्चों की स्टेशनरी अक्सर इधर-उधर फैली रहती है। ऐसे में उसे आर्गेनाइज करने के लिए स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद ली जा सकती है। आप इसे खुद घरेलू आइटम्स की मदद से तैयार कर सकते हैं।**



# बच्चों के लिए घरेलू आइटम्स की मदद से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

स्टेशनरी एक ऐसी चीज है, जो लगभग हर घर में होती ही है। जिन घरों में बच्चे होते हैं, वहां तो अक्सर पेन, पेंसिल या कलर आदि अक्सर इधर-उधर रखे हुए नजर आते हैं। अमूमन घरों में मम्मी ही स्टेशनरी को उठाकर बार-बार रखती रहती है। अगर आपके घर में भी ऐसा होता है तो सबसे अच्छा तरीका है कि आप स्टेशनरी आर्गेनाइजर का इस्तेमाल करें। स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद से सभी तरह की स्टेशनरी को एक जगह आसानी से आर्गेनाइज करके रखा जा सकता है। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के अलग-अलग स्टेशनरी आर्गेनाइजर आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे घर पर पुरानी आइटम्स की मदद से भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। घर पर स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाना ना केवल बजट फ्रेंडली है, बल्कि आप खुद ही एक यूनिक डिजाइन व साइज का स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाकर तैयार कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बच्चों के लिए घरेलू आइटम्स की मदद से स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

## कार्डबोर्ड से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

- अगर आपके पास पुराने जूते के डिब्बे या कार्डबोर्ड हैं, तो आप उससे स्टेशनरी आर्गेनाइजर बना सकते हैं। आर्गेनाइजर बनाने के लिए कार्डबोर्ड बॉक्स को मनचाहे आकार में काटें। आप आर्गेनाइजर के अलग-अलग सेक्शन बनाने के लिए कार्डबोर्ड को नापकर काट लें।
- अब ग्लू या टेप का उपयोग करके उन्हें चिपका लें। सुनिश्चित करें कि वे मज़बूती से जुड़े हुए हैं। आप तैयार आर्गेनाइजर को डेकोरेटिव पेपर से ढक दें या फिर आप उन्हें पेंट भी कर सकते हैं। अब इसे सूखने दें और फिर तैयार आर्गेनाइजर में स्टेशनरी आइटम को अंदर रखें। पुरानी चीजों को इस्तेमाल करने का आसान तरीका है।

## मेसन जार की मदद से बनाएं आर्गेनाइजर

- मेसन जार की मदद से भी स्टेशनरी आर्गेनाइजर तैयार किया जा सकता है। आप अलग-अलग मेसन जार को बतौर आर्गेनाइजर इस्तेमाल करें। इसके लिए आप मेसन जार लें। फिर उसे पेंट करें और सूखने दें। एक जार में सारी स्टेशनरी आर्गेनाइज करना संभव नहीं है, इसलिए आप अलग-अलग मेसन जार को पेंट करें।
- अब आप हर जार में लेबल लगाएं। अगर आपके पास स्पेस की कमी है और आप माउंटेड ऑर्गनाइज़र चाहते हैं, तो स्क्रू और ड्रिल का उपयोग करके लकड़ी के बोर्ड पर होज़ क्लैंप लगाएं। फिर, जार को क्लैंप में सुरक्षित करें। अपने स्टेशनरी आइटम को जार में रखें।

## पुरानी प्लास्टिक बोतल से बनाएं आर्गेनाइजर

- घर में पुरानी प्लास्टिक की बोतल होना आम बात है। आप इसे भी बतौर स्टेशनरी आर्गेनाइजर काम में ला सकते हैं। यह इन बोतल को रिसाइकिल करने का एक बेहतरीन तरीका है। आर्गेनाइजर बनाने के लिए प्लास्टिक की बोतलों के ऊपरी हिस्से को मनचाही ऊंचाई पर काटें। सुनिश्चित करें कि किनारे चिकने हों। अगर किनारे नुकीले होंगे तो इससे चोट लगने का खतरा बढ़ जाएगा।
- अब बोतलों को पेंट करें या उन्हें डेकोरेटिव पेपर से कवर ककर दें। इसी तरह, आप आवश्यकतानुसार बोतलों को तैयार कर लें। इन्हें एक पैटर्न में अरेंज करें और फिर उन्हें गोंद या टेप से सिक्योर करें। आपका स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनकर तैयार है।



# चैम्पियंस ट्रॉफी: बीसीसीआई लिखित में दे कि भारत सरकार ने पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी

**कराची(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही। मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है।

आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें 'हाइब्रिड मॉडल%' पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे।' उन्होंने कहा, 'हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे।' बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा और 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे। पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल नौ मार्च को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों की मानें तो टीम पाकिस्तान नहीं जाने वाली और ऐसी दशा में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।




# अल्काराज ने लगातार दूसरे विम्बलडन फाइनल में जोकोविच को हराया, जीता चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब



**लंदन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन भी मौजूद थीं।

अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाये। पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया।

वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विम्बलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गये। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाये थे। तीन जून को रोलां गैरों में उनके घुटने में चोट लगी थी और दो दिन बाद ही उनकी सर्जरी हुई थी। करीब छह हफ्ते बाद भी जोकोविच रविवार को फॉर्म में नहीं दिखे।

# भारतीय क्रिकेट में बहुत गहराई है लेकिन बदलाव धीरे-धीरे होना चाहिए: राठौड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निवर्तमान बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को पता है कि निकट भविष्य में बदलाव का मुश्किल दौर भारत का इंतजार कर रहा है लेकिन उपलब्ध प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ काम करने के बाद उनका मानना है कि टीम इससे निपटने में सक्षम है, बशर्ते यह 'नियंत्रित तरीके से और धीरे-धीरे' होना चाहिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा फिलहाल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे लेकिन अगले कुछ वर्षों में बदलाव का दौर आएगा जब ये अपने करियर के अंतिम चरण में होंगे।



पूर्व चयनकर्ता राठौड़ ने कहा, 'रोहित और विराट की क्षमता के खिलाड़ियों की जगह लेना कभी आसान नहीं होता। हाल में (रविवार को) जिम्बाब्वे के खिलाफ संपन्न श्रृंखला हमें संकेत देती है कि भविष्य में टी20 टीम कैसी दिखेगी। लेकिन टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उस बिंदु तक पहुंचने के लिए हमारे पास अब भी कुछ वर्ष हैं।'

राष्ट्रीय चयनकर्ता और राष्ट्रीय टीम के कोच दोनों की जिम्मेदारी निभा चुके राठौड़ भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभा पूल को मजबूत मानते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इसे लेकर बहुत चिंतित नहीं हूं। हमारे पास भारतीय क्रिकेट में बहुत गहराई है। बहुत सारे प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं जो सामने आ रहे हैं। हमें बस यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बदलाव नियंत्रित तरीके से हो। इसे धीरे-धीरे करने की जरूरत है।' राठौड़ को लगता है कि जब तक रोहित और कोहली सभी प्रारूपों को अलविदा कहेंगे तब तक युवा सितारे अच्छी तरह से स्थापित हो जाएंगे जो अगले 10 वर्षों के लिए टीम का केंद्र बन जाएंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि तब तक शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी खुद को स्थापित कर लेंगे और बदलाव को आसान बना देंगे।'

राठौड़ ने कहा, 'एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भी हमारे पास श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल और हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जो जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं।' जिस तरह कोहली और रोहित ने एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी के बोझ को अपने कंधों पर उठाया उसी तरह अगला दशक गिल और जायसवाल का हो सकता है।

# गंभीर की आक्रामकता और खेल के प्रति जागरूकता भारतीय टीम के लिए फायदेमंद होगी : डेल स्टेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने गौतम गंभीर की भारत के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति की सराहना की और कहा कि मैदान पर उनकी आक्रामकता और खेल के प्रति जागरूकता भारतीय टीम के लिए फायदेमंद होगी। राहुल द्रविड़ के जाने के बाद बीसीसीआई ने गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। उनके आखिरी कार्यकाल में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीतकर 11 साल से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया।



स्टेन ने कहा, 'मैं गौतम गंभीर का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे उनकी आक्रामकता बहुत पसंद है। वह उन कुछ भारतीयों में से एक हैं जिनके खिलाफ मैंने खेला है और जो आपके खिलाफ जवाबी हमला करते हैं, और मुझे यह पसंद है। मुझे लगता है कि वह विराट और कुछ अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम में भी इसे लेकर जाएंगे, जो शायद अब उतनी बड़ी भूमिका नहीं निभाते। मुझे ज्यादा यकीन नहीं है।' उन्होंने कहा, 'न केवल भारत में, बल्कि विश्व क्रिकेट में हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो थोड़े ज्यादा आक्रामक हों और खेल को थोड़ा ज्यादा मुश्किल से खेलें। हम सभी लीग में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, और हम काफी मिलनसार और दोस्त बन जाते हैं। मुझे यह पसंद है कि वह मैदान पर बहुत आक्रामक हैं, लेकिन मैदान के बाहर एक सज्जन व्यक्ति हैं। वह एक समझदार, बहुत ही चतुर क्रिकेटर हैं और उनके पास बहुत बढ़िया क्रिकेट दिमाग है। इसलिए मुझे लगता है कि इस दृष्टिकोण से, वह उनके लिए भी शानदार साबित होंगे।'

पूर्व प्रोटियाज ऑलराउंडर जैक्स कैलिस भी गंभीर की आक्रामक प्रकृति के साथ काम में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता पर भरोसा रखते हैं। कैलिस ने कहा, 'गौतम को कोचिंग के क्षेत्र में आते देखना बहुत अच्छा है। उनके पास क्रिकेट के बारे में बहुत अच्छी समझ है। वह कुछ जोश भरेंगे और आक्रामक तरीके से खेलना पसंद करते हैं। मुझे लगता है कि वह खेल में कुछ नयापन लाएंगे और खिलाड़ी उनसे बहुत कुछ सीखेंगे। उनके पास जोड़ने के लिए बहुत कुछ है और वह भारतीय टीम में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, हमारे खिलाफ ज्यादा नहीं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह शानदार प्रदर्शन करेंगे।'

पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत अवसर है और हमें देखना होगा कि वह इसका कितना फायदा उठाते हैं। मैंने उनके साक्षात्कार देखे हैं और वह सकारात्मक बातें करते हैं और बहुत सीधे-साधे हैं।' गंभीर श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे, जहां भारत 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगा।

# इस मामले में अभिषेक शर्मा भारत के लिए पहले खिलाड़ी बने

हरारे। अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के दौरे में भारत के लिए इंटरनेशनल डेब्यू किया। टी20 सीरीज के पहले मैच में अभिषेक का खाता नहीं खुला। खराब सीरीज के बाद अभिषेक ने अगले ही दिन दूसरे मैच में शतक ठोक दिया। अभिषेक ने सिर्फ 46 गेंदों पर अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक लगा दिया था। वे इस फॉर्मेट में शतक लगाने वाले भारतीय टीम के 10वें बल्लेबाज बने थे। अभिषेक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज भी हैं। अंडर-19 क्रिकेट में अभिषेक ऑलराउंडर की भूमिका में नंबर-5 और 6 पर खेला करते थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में अभिषेक ने गेंदबाजी की है। लेकिन उन्हें पहली सफलता चौथा मैच में मिली। भारत को पहली सफलता अभिषेक शर्मा ने ही दिलाई थी। उनकी गेंद पर तदिवानाशे मरुमानी ने रिंकू सिंह के हाथ में शॉट खेल दिया था। अभिषेक एक ही सीरीज में भारत के लिए शतक बनाने और विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले भारत के लिए 9 बल्लेबाजों ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोके हैं। इसमें सुरेश रैना, रोहित शर्मा, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा और शुभमन गिल का नाम शामिल है। लेकिन इसमें से कोई भी उस सीरीज में विकेट नहीं ले सका, जिसमें शतक लगाया था। महिला क्रिकेट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर एक ही सीरीज में शतक लगाने के साथ ही विकेट लेने का कारनामा कर चुकी हैं।


# सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के पैर में लगी चोट, टखने में सूजन

मियामी गार्डन्स। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को कोपा अमेरिका फाइनल से जल्दी विदा लेनी पड़ी जब 64वें मिनट में पैर में चोट के कारण वह बाहर हो गई और बाद में बेंच पर बैठे मेस्सी के दाहिने पैर के टखने में काफी सूजन देखी गई। 37 वर्ष के मेस्सी दौड़ते हुए गिरने से चोटिल हो गए। अर्जेंटीना ने फाइनल में कोलंबिया को 1.0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने गिरने के बाद तुरंत अर्जेंटीना बेंच की ओर देखा। वह कई मिनट तक लेटे रहे जब ट्रेनर आए तो उनकी मदद से अपने दाहिने पैर से जूता निकाला। आठ बार के बलोन डि ओर विजेता मेस्सी ने मैदान से जाते समय कप्तान का आर्मबैंड निकाला और हताशा में जूता जमीन पर फेंका। इसके बाद सीट पर हथेलियों से चेहरा छिपाए बैठे रहे। मेस्सी जीत के बाद लड़खड़ाते हुए आए और निकोलस ओड्डामेंडी तथा एंजेल डि मारिया के साथ ट्रॉफी थामी। मेस्सी पूरे टूर्नामेंट में पैर की चोट से जूझ रहे थे और ग्रुप चरण का आखिरी मैच भी नही खेल सके।



# वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर सामने आया रोहित शर्मा का बड़ा बयान

बेंगलुरू। भारतीय क्रिकेट के स्टार कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी अगुवाई में भारतीय टीम को पिछले महीने ब्रिजटाउन में आयोजित टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाया था। भारत ने फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराकर इतिहास रचा। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद रोहित ने एक बड़ा फैसला लिया है। रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने रिटायरमेंट के बारे में अपने फैंस को समझाया कि वे अब इस फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे। अब टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद रोहित शर्मा के वनडे और टेस्ट करियर पर भी बात की जा रही है। बता दें कि रोहित शर्मा 37 साल के हो चुके हैं, ऐसे में वो अब कब तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेल पाते हैं ये एक बड़ा सवाल है। रोहित ने वनडे और टेस्ट क्रिकेट पर अपनी उपस्थिति बनाए रखने का भी इंटेंशन जताया है। रोहित शर्मा के इस फैसले ने क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना दिया है। रविवार को डलास में हुए एक कार्यक्रम के दौरान रोहित से रिटायरमेंट से जुड़ा सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा वह ऐसे शख्स नहीं हैं जो बहुत आगे के बारे में सोचते हैं, लेकिन अभी भी उनमें बहुत कुछ बाकी है। इसलिए निश्चित से आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे।'



# स्पेन ने तोड़ा इंग्लैंड का सपना, रिकॉर्ड चौथी बार जीता यूरो खिताब

**बर्लिन(एजेंसी)।** स्पेन ने इंग्लैंड का 1966 के बाद पहला खिताब जीतने का सपना चूर चूर करते हुए उसे 2.1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल में रिकॉर्ड चौथी बार अपनी बादशाहत साबित कर दी। टूर्नामेंट में शुरू से आखिर तक स्पेन का दबदबा रहा जिसने 86वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल के गोल के दम पर फाइनल में 2.1 से जीत दर्ज की।

कप्तान अलवारो मोराटा के विकल्प के तौर पर मैदान पर उतरे मिकेल ने बायें विंग से मार्क कुकुरेला के पास को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय में खिंचने से बचाया। फुटबॉल के जनक इंग्लैंड ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है। जर्मनी में 1936 ओलंपिक के लिये बनाये गए इस स्टेडियम में ट्रॉफी थामे स्पेन के खिलाड़ियों और आसमान में होती आतिशबाजी को इंग्लैंड के खिलाड़ी मायूस निगाहों स देखते रहे।

स्पेन ने इससे पहले 1964, 2008 और 2012 में यूरो खिताब जीता है। स्पेन के लिए 47वें मिनट में पहला गोल करने वाले निको विलियम्स ने कहा, 'हम यूरोप के चैम्पियन है।' इंग्लैंड के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पामर ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल किया था। यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी लामाइन यमल ने विलियम्स के गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। दोनों विंगर अलग अलग संस्कृतियों के खिलाड़ियों से मिलकर बनी स्पेन की टीम के स्टार साबित हुए।

शनिवार को अपना 17वां जन्मदिन मना चुके यमल की मां गिनीया से और पिता मोरक्को से हैं जबकि विलियम्स के माता पिता घाना के हैं जो बेहतर जीवन की तलाश में यूरोप आ बसे थे। स्पेन पहुंचने के लिए वे खचाखच भरे ट्रक में



लदकर और सहारा रेगिस्तान पैदल पार करके पहुंचे थे। प्लेयर आफ द मैच चुने गए विलियम्स ने कहा, 'मेरे माता पिता ने मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए काफी कुछ झेला है। मैं खुश हूं कि मैंने इतिहास रच दिया।'

विलियम्स का भाई इनाकी घाना के लिए खेलता है लेकिन उसने स्पेन को चुना अब पूरे देश का हीरो बन गया है। स्पेन ने दोनों महिला विश्व कप इंग्लैंड को हराकर जीते और 2023 में यूएफा नेशंस लीग भी जीता। इस यूरो चैम्पियनशिप में स्पेन ने सातों मैच जीते और एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 15 गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। यमल ने जीत के बाद कहा, 'मुझे इससे बेहतर जन्मदिन का तोहफा नहीं मिल सकता था। सपना सच हो गया।' दूसरी ओर इंग्लैंड को 2021 यूरो फाइनल में इटली ने पेनल्टी शूटआउट में हराया था। इस हार से उसके सारे जख्म फिर हरे हो गए और ट्रॉफी का इंतजार भी और लंबा हो गया।

# यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं, ओपनर्स में प्रतिस्पर्धा पर बोले शुभमन गिल

हरार। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारतीय टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिये अच्छा बताया। श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरूआत कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले गिल टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं थे। भारत ने इस श्रृंखला में गिल, जायसवाल, अभिषेक शर्मा और रुतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। गिल ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं। इससे साबित होता है कि सभी में रनों की भूख है और कोई भी अपने स्थान को हलके में नहीं लेना चाहता। किसी भी देश के लिए यह अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'जिसे भी मौका मिला, उसने उसका पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाजों से गेंदबाजों तक, हरफनमौलाओं से स्पिनरों तक सभी ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। चयनकर्ताओं ने देखा है और अब अगली श्रृंखला के लिए टीम चुनना उनका काम है।' कप्तानी के बारे में गिल ने कहा कि उन्होंने इसका पूरा मजा लिया। उन्होंने कहा, 'कप्तानी के बारे में मेरा मानना है कि आप अपने खिलाड़ियों में कितना भरोसा करते हैं। मैं ऐसा करने की कोशिश करता हूं। उन्हें यह बताता हूं कि रणनीति पर अमल करने की कोशिश करें तो नतीजे मिलेंगे। पहला मैच हारने के बाद हम दबाव में थे और लगातार जीतना आसान नहीं होता लेकिन हमने ऐसा किया।'

# इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे मिचेल मार्श , स्मिथ की जगह कोनोली शामिल

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के सितंबर में होने वाली सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 और फिर इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच एकदिवसीय मैच खेलने हैं। सीए ने कहा कि यह पहले से तय था कि अगले साल होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए ही कार्यभार प्रबंधन के तहत कमिंस नहीं खेलेंगे। ऐसे में मिचेल मार्श टीम की कप्तानी संभालेंगे। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को एकदिवसीय और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को इस दौरे से बाहर कर दिया है। उनकी जगह घरेलू क्रिकेट लीग बिग बैश में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कूपर कोनोली को शामिल किया गया है। कोनोली ने पिछले सत्र में बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉर्चर्स की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था।

स्कॉटलैंड के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम सितंबर में 4 से 7 तारीख तक तीन टी20 मैच खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी और 11 से 15 सितंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी

**टी20 टीम**

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगर्क, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

वनडे टीम : मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबोट, एलेक्स कारी, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगर्क, आरोन हार्डी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में एथलेटिक्स को मिली सबसे अधिक धनराशि

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली -सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले तोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपए खर्च किए। इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। पिछले ओलंपिक चक्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए थे।

26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि पिछली बार सात पदक को देखते हुए इस बार उम्मीदें अधिक है और इसलिए इस बाद खर्च अधिक किया गया है। देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे।

बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ रुपए मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है। भारत ने पेरिस खेलों के लिए बैडमिंटन में पांच कोटा हासिल किए हैं। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू (महिला एकल), एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो (महिला युगल) शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम को पिछले तीन साल में 41.29 करोड़ रुपए की राशि मिली जबकि तीरंदाजी पर सरकार ने 39.18 करोड़ रुपए खर्च किए। पहलवानों को कोष से 37.80 करोड़ रुपए मिले जबकि भारोत्तोलन के खाते में 26.98 करोड़ रुपए आए। घुड़सवारी को 95 लाख रुपए के साथ सबसे कम वित्तीय सहायता मिली। टेनिस को एक करोड़ 67 लाख रुपए जबकि गोल्फ को एक करोड़ 74 लाख रुपये की मदद मिली। नौकायन (3.89 करोड़), तैराकी (3.9 करोड़), पाल नौकायन (3.78 करोड़) और जूडो (6.3 करोड़) पर भी 10 करोड़ रुपये से कम खर्च हुए।

स्टार खिलाड़ी अचंता शरत कमल की अगुआई वाली भारतीय टेबल टेनिस टीम को सरकार ने 12 करोड़ 92 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में सिंधू के साथ शरत कमल भारत के ध्वजवाहक होंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विदेश में अनुभव और टूर्नामेंट के मामले में देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों को सबसे अधिक समर्थन मिला। उन्होंने 81 दौरे किए।

निशानेबाजों को 45 विदेशी दौरे मिले जबकि इसके बाद टेनिस (40), एथलेटिक्स (31), टेबल टेनिस (28), कुश्ती (27), तीरंदाजी (24), मुक्केबाजी (23), नौकायन (22), हॉकी (18), जूडो (15), गोल्फ (12) और तैराकी (11) का नंबर आता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान निशानेबाजी में 41 राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए गए जो सभी 16



खेलों में सबसे अधिक है। तीरंदाजी 41 शिविर के साथ दूसरे स्थान पर है।

इसके बाद एथलेटिक्स (36), हॉकी (33), मुक्केबाजी (17), नौकायन (16), कुश्ती (15) और बैडमिंटन (13) का नंबर आता है। घुड़सवारी के लिए कोई राष्ट्रीय शिविर नहीं था क्योंकि अधिकांश सवार विदेश में प्रशिक्षण लेते हैं। गोल्फ के लिए केवल एक शिविर आयोजित किया गया था। पेरिस जाने वाले एक हॉकी खिलाड़ी ने कहा, 'हमें बेंगलुरू के साइ में भोजन से लेकर आवास, जिम और ट्रेनिंग सहित सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। हम लंबे समय से यहां रह रहे हैं। हमें विदेशों में भी बहुत सारे दौरे मिल रहे हैं।'

व्यक्तिगत और विशिष्ट खेल संबंधित खर्चे में भारतीय हॉकी टीम को सर्वाधिक 41.81 करोड़ रुपए मिले जिसमें 76 राष्ट्रीय शिविर और 19 विदेशी दौरों का खर्च शामिल है। चोपड़ा इस सूची में 5.72 करोड़ रुपए के साथ दूसरे स्थान पर है। यह खर्चा उनके मौजूदा विदेशी कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज की सेवाएं लेने, यूरोप में ओलंपिक पूर्ण शिविर तथा यूरोप, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने पर किया गया।

